● जयपुर, गुरुवार, 1 अगस्त 24 ● वर्ष 13 ● अंक 334 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 बाघोली मैं 2 महीने से हो रही विद्युत कटौती को लेकर जीएसएस...
पेज @4 सीएम आदिवासी दिवस मनाने के लिए पहुंची झारग्राम...
पेज @8 » सुनील गुप्ता को मिला मुख्य अभियंता (एस.एस.)सार्वजनिक...

## राजस्थान सभी क्षेत्रों में आगे बढ़े, इसके लिए मिलजुल कर करेंगे प्रयास,सहकारिता के अंतर्गत सोच बदलने का कार्य होगा : राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि राजस्थान में उच्च शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के साथ विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता विकास के लिए कार्य होंगे। कुलाधिपति के रूप में उनका प्रयास रहेगा कि राजस्थान के विश्वविद्यालय पूरे देश और विश्व भर में रैंकिंग में आगे रहे। यहां के विश्वविद्यालय ऊंचाई पर जाए, यह प्राथमिकता रहेगी।
बागडे राजभवन में शपथ ग्रहण के बाद आयोजित मीडिया–संवाद में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजी नगर में और दूसरे स्थानों पर बहुत से राजस्थानी रहते हैं। महाराष्ट्र और राजस्थान का एक निकट का नाता बना हुआ है। प्रयास करेंगे कि दोनों के रिश्तों में मिलजुलकर सहकारिता की सोच के तहत राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता के अंतर्गत सोच बदलने के लिए कार्य होगा।
उन्होंने कहा कि दुग्ध व्यवसाय से भी उनका निकट का नाता रहा है। गरीब लोगों के लिए जिनके पास खेती की भूमि नहीं , यह व्यवसाय बहुत लाभकारी हो सकता है। ऐसे लोगों को दुग्ध व्यवसाय में आगे बढाने के लिए कार्य होगा।



उन्होंने कहा कि ओलम्पिक में कई सालों से भारतीय खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ओलम्पिक में भारत का नाम हो, इसके लिए खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत उद्यमिता को प्रोत्साहन देने वाले पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देकर कार्य करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को कृषि और पारम्परिक व्यवसायों के लिए कौशल विकास से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए विश्वविद्यालयों में उद्योगों से समन्वय कर सीएसआर के तहत युवाओं को लाभान्वित करने की दिशा में काम किया जाएगा। जनजातीय क्षेत्रों में सहकारिता आंदोलन कैसे गति पकड़े, इसके लिए विशेष प्रयास करेंगे।
कुलाधिपति के रूप में शिक्षा के व्यवसायीकरण और निजी क्षेत्र के अंतर्गत शिक्षा की अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगें। उन्होने कहा कि संविधान के लिए राजस्थान में बहुत महत्वपूर्ण कार्य श्री कलराज मिश्र जी ने किए हैं। प्रयास करेंगे कि उनके किए कार्यो को आगे बढ़ाते हुए संविधान सर्वोच्च है, इस सोच को युवाओं में आगे बढ़ाते हुए उन्हें अधिकारों के साथ देश के प्रति कर्तव्य बोध से जोड़ने की दिशा में भी निरंतर कार्य हो।
राज्यपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के लिए महती कार्य हुए हैं। राजस्थान में रहने वाले दूसरे प्रदेशों के निवासियों से भी राजभवन का सतत संपर्क और संवाद रहे ताकि उनकी सहभागिता से राजस्थान को सभी क्षेत्रों में अग्रसर किया जा सके। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र और सहकारिता क्षेत्र में राजस्थान महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। मेरा प्रयास रहेगा कि इन क्षेत्रों से जुड़ी गतिविधियों का जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रो में विषेष क्रियान्वयन किया जाए।
उन्होंने राजस्थान को 'भक्ति' और और 'शक्ति' का संगम स्थल बताते हुए कहा कि इस वीर प्रसूता भूमि पर मुझे कार्य करने का अवसर मिलना अपना सौभाग्य मानता हूं। मैं प्रयास करूंगा कि सभी को साथ लेकर राज्य में संविधान प्रमुख के अपने पद के दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करूं।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर प्रारंभ 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने के लिए कृषि और सहकारिता को केन्द्र में रखकर कार्य करने मेरी प्राथमिकता रहेगी। प्रयास रहेगा कि जनजातीय क्षेत्रों के विकास के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करवाकर उनके लिए व्यवहारिक रूप में कार्य करूं। मैंने राजस्थान का बजट देखा है। इसमे सहकारिता और कृषि क्षेत्र में विकास के लिए बहुत अच्छे प्रावधान है। प्रयास करेंगे कि इसके अनुरूप राजस्थान सभी क्षेत्रों में आगे बढे।

## वायनाड में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 158 हुई, सैकड़ों लोग अभी भी लापता, सर्च ऑपरेशन जारी

वायनाड/एजेंसी

केरल के वायनाड में 30 जुलाई को तड़के हुई भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 158 हो गई है. जबकि अभी भी सैकड़ों लोग लापता हैं जिनकी मलबे में तलाश की जा रही है. इस प्राकृतिक आपदा में 128 लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है. बता दें कि केरल में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है. जिसके चलते मंगलवार तड़के वायनाड में एक के बाद एक तीन बार भूस्खलन हुआ. जिससे दूरदराज के एक गांव का अधिकांश हिस्सा मलबे में दब गया. लोग मलबे में दब गए, सड़कें और पुल भी ढह गए. बताया जा रहा है कि साल 2018 के बाद से ये राज्य की सबसे खराब मानसून आपदा है.
बता दें कि दक्षिणी केरल जिले में सोमवार और मंगलवार को 572 मिमी बारिश हुई, जिससे चूरलमाला गांव में रात 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच दो बार भूस्खलन हुआ. जिससे मुंडक्कई गांव में पानी और कीचड़ की तेज धारा बह गई और दोनों बस्तियों के बीच बना एक पुल ढह गया. इससे पहले भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस दौरान क्षेत्र के लिए केवल 64 मिमी से 200 मिमी बारिश का अनुमान लगाया था.



वायनाड भूस्खलन को लेकर बोले गृह मंत्री

### आपदा को लेकर दी गई चेतावनी, केरल सरकार ने नजरअंदाज की

नई दिल्ली/एजेंसी।

केरल के वायनाड में आई तबाही में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। कई लोग बेघर हो चुके हैं और कई गांव जलमग्न हो चुके हैं। वायनाड में हुई लैंडस्लाइड को लेकर अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में संबोधित किया है। अमित शाह ने कहा, केंद्र सरकार की तरफ से केरल सरकार को लैंडस्लाइड को



लेकर अर्ली वॉर्निंग दी गई है। चेतावनी देने के बावजूद केरल सरकार ने मामले पर गंभीरता नहीं दिखाई और इसमें लापरवाही बरती। इस घटना को लेकर मिली चेतावनी के बाद भी केरल सरकार ने लोगों को वहां से नहीं हटाया। केरल सरकार ने केंद्र की चेतावनी के नजरअंदाज किया।
अमित शाह ने राज्यसभा में कहा, मैं कुछ चीजों की स्पष्टता के लिए खड़ा हुआ है। इस घटना में जितने लोग हताहत हुए हैं और घायल हुए हैं, उन सभी के परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। मृतकों के परिजनों और उनके परिवार के लोगों के प्रति मेरी अपार संवेदना है। जानकारी के अभाव में कुछ टिप्पणियां हुई।

### मणिपुर में भारी बारिश के बीच भूस्खलन, दो की मौत



इंफाल/एजेंसी।

देश के कई राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी है. केरल में मंगलवार को हुए भारी भूस्खलन से अब तक 158 लोगों की मौत हो गई है. जबकि लापता लोगों की तलाश की जा रही है. इस बीच पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में भूस्खलन की खबर है. बताया जा रहा है कि एक गांव में हुए भूस्खलन की चपेट में आने से एक महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई है. एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, यह भूस्खलन दिम्थनलोंग गांव में हुई. भूस्खलन में एक घर ढह गया है जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल रिंग्सिनलुंग काहमी भी घायल हुआ है. घायल पुलिस कांस्टेबल को इलाज के लिए इंफाल के एक अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है. जहां उसकी स्वास्थ्य स्थिति ठीक बताई जा रही है. बता दें कि मणिपुर के कई जिलों में पिछले 24 घंटों से कई जिलों में भारी बारिश हो रही है.

## मुख्यमंत्री ने आयोजित किया अभिनंदन -वंदन कार्यक्रम, रखा रात्रिभोज



चमकता राजस्थान

जयपुर, 31 जुलाई। प्रदेश के नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े एवं निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विशेष आमंत्रण पर मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित अभिनंदन-वंदन कार्यक्रम के तहत रात्रि भोज में शामिल हुए।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वागत संबोधन में कहा कि हरिभाऊ किसनराव बागड़े का प्रदेश के नए राज्यपाल के रूप में दायित्व ग्रहण करना हमारे लिए प्रसन्नता का क्षण है एवं जन सेवा का उनका व्यापक अनुभव प्रदेश के विकास में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं और उम्मीदों पर हमारी सरकार खरा उतरने में सफल रहेगी।
शर्मा ने निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों, विधानसभा, विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों के वाचन की शुरुआत, संविधान पार्क एवं संविधान वाटिकाओं की स्थापना के साथ ही विश्वविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को लेकर उनके द्वारा किए गए नवाचारों से प्रदेश लाभान्वित हुआ है।
राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में गांव-गरीब के कल्याण के लिए कार्य किया। सहकारिता के क्षेत्र में भी लंबे समय तक कार्य करने का अनुभव रहा है। उन्होंने कहा कि निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा संविधान को मजबूती प्रदान करने के लिए किए गए कार्य हमेशा याद किए जाएंगे।
निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना विश्व की सबसे अच्छी प्रस्तावना है और यह भारतीय संस्कृति का मूर्त रूप है। मिश्र ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास एवं संवैधानिक जागरूकता के लिए किए गए विशेष प्रयासों का उल्लेख करते हुए अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए।
इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, उप मुख्ययमंत्री श्रीमती दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेमचंद बैरवा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, मंत्रिगण, विधायकगण एवं मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ियों में सप्ताह में तीन बार दूध देने की बजट घोषणा को लागू करे: उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 31 जुलाई।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ियों में आने वाले बच्चों को सुपोषण के लिए सप्ताह में तीन बार दूध दिए जाने की बजट घोषणा को शीघ्र लागू करने के लिए तत्परता से काम किया जाए।
उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता बुधवार को शासन सचिवालय में शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. मोहनलाल यादव, निदेशक समेकित बाल



विकास सेवाएं श्री ओम प्रकाश बुनकर व निदेशक श्रीमती बिन्दुकरुणाकर की उपस्थिति में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि सप्ताह में तीन बार दूध देने की योजना के लागू होने पर बच्चों की पोषहार के प्रति आकर्षण बढ़ेगा और उन्हें बेहतर पोषण भी मिलेगा।
उपमुख्यमंत्री ने बैठक कहा कि आंगनबाड़ी पर आने वाले बच्चों में पोषण को और बढ़ाने के लिए नवाचर किये जाए। जिससे हमारे बच्चों को बेहतर पोषण को सुनिश्चित करने के संकल्प को पूर्ण किया जा सके।उन्होंने पोषहार और पूरक पोषाहार की रेसिपी पर चर्चा कर निर्देश दिए कि पोषण विशेषग्यों से सलाह लेकर रेसिपी में आवशयक संशोधन किये जाएं। दिया कुमारी ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उस क्षेत्र की आवशयकता और उपयोगिता के अनुसार पांच-पांच नए आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने के कार्य को भी शीघ्रता से पूरा किया जाए।
उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि आईसीडीएस और महिला अधिकारिता निदेशालय समन्वित रूप से उड़ान योजना को बेहतर बनाने के लिए कार्य योजना बनाकर काम करें।

## नर्सरी में पढने वाले छात्र ने तीसरी कक्षा के छात्र को मारी गोली, हालत गंभीर

● **बिहार के सुपौल में अजीबो-गरीब घटना**

**पटना/एजेंसी।** बिहार के सुपौल में एक अजीबों-गरीब मामला देखने को मिला है। यहां त्रिवेणीगंज के लालपट्टी स्थित सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल में एक चौंकाने वाली घटना देखने को मिली है। यहां नर्सरी में पढ़ रहे 5 वर्षीय छात्र के बैग में कुछ ऐसा मिला जिसे देखकर सभी लोग दंग रह गए। दरअसल नर्सरी के छात्र एकलव्य कुमार अपने बैग में हथियार लेकर स्कूल पहुंचा था। प्रार्थना से पहले नर्सरी के छात्र ने तीसरी क्लास के छात्र आसिफ पर होली चला दी। यह गोली आसिफ के बाएं हाथ में लगी, जिस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसिफ को आनन-फानन में इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।
पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और स्कूल प्रशासन से भी पूछताछ की जा रही है कि आखिर इतनी बड़ी लापरवाही हो कैसे गई। इस घटना की जानकारी जिसे हो रही है, हर कोई सुनकर दंग हो रहा है कि आखिर नर्सरी के बच्चे के पास बंदूक कैसे पहुंची। इसके अलावा नर्सरी के बच्चे ने गोली कैसे चलाई और किसी को मारने का प्रयास कैसे किया। बता दें कि यह घटना बच्चों के माता-पिता के लिए भी चिंता का विषय बन चुकी है। स्कूलों में सुरक्षा और छात्रों के बैग की जांच की आवशयकता पर जोर दिया जा रहा है। माता-पिता और अभिभावकों ने भी इस घटना को लेकर चिंता व्यक्त की है।
बता दें कि नर्सरी क्लास में पढ़ रहे एकलव्य की आयु 5 वर्ष है। वहीं तीसरी कक्षा में पढ़ रहे आसिफ की उम्र 10 साल है। गोली आसिफ के बाएं हाथ में लगी है। हालांकि अस्पताल में आसिफ का इलाज जारी है।

# लव जिहाद हैवानियत व बर्बरता का नया एपिसोड है यशश्री हत्याकांड!

एक बार फिर देश की आर्थिक राजधानी में एक और निर्भया जैसा वीभत्स हत्याकांड सामने आया है यह हत्याकांड निर्भया हत्याकांड से भी अधिक दिल दहलाने वाला है क्योंकि इस हत्याकांड के पार्श्व में लवजेहाद है और एक जमानत पर छूटे पोस्को के अपराधी ने पीड़िता लड़की की नृशंस हत्या की है। नवी मुंबई के उरन इलाके में यशश्री शिंदे नाम की लड़की की हत्या के आरोप में पुलिस ने दाऊद शेख नाम को गिरफ्तार किया है। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक सुरेश शिंदे नाम के व्यक्ति ने (लड़की के पिता) पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनकी पत्नी ने 25 जुलाई को नवी मुंबई के उरन पुलिस स्टेशन में उनकी बेटी यशस्वी शिंदे के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने इसमें मामला दर्ज करते हुए खोजबीन शुरू की।

मामला उरण में घटित हुआ, जहां 22 वर्षीय यशश्री शिंदे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। 27 जुलाई को एक खेत में झाड़ियों के बीच मिले उसके शव में चेहरे, शरीर व निजी अंगों पर चोटों के निशान थे। इस वारदात से नागरिकों में आक्रोश है। गुस्साए लोगों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। यशश्री शिंदे 25 जुलाई को लापता हो गई थीं. वह बेलापुर में एक कंपनी में काम करती थीं और उरण में अपने परिवार के साथ रहती थीं। घटना के दिन वह सुबह काम पर निकली थीं और उसके बाद वापस नहीं लौटीं। उनके परिवार ने पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की. कुछ दिनों बाद, रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में उनका शव मिला। यशश्री के पिता ने अपने बयान में दाऊद शेख नामक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया। पीड़ित परिवार ने बताया कि गुमशुदगी के दो दिन बाद पुलिस ने बुलाया और हमें साथ लेकर एक पेट्रोल पंप के पास गए जहां एक लड़की का शव बेहद दयनीय अवस्था में पड़ा हुआ था। उसका चेहरा पूरी तरह से खराब कर दिया गया था और कपड़ों और लड़की के शरीर को देखकर उन्होंने पुलिस को यह जानकारी दी कि वह उनकी बेटी है। कुत्ते शव को नोंच रहे थे। पुलिस तत्काल रूप से लेकर उसे नवी मुंबई के इंदिरा गांधी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। लड़की के पिता ने अपने बयान में पुलिस को बताया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से उसकी बेटी की हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में धारा 103 के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी।

डीसीपी विवेक पानसरे के अनुसार शुक्रवार रात 2 बजकर 15 मिनट पर युवती का शव बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि पीड़िता बेलापुर में काम करती थी और उसने शुक्रवार को आधे दिन की छुट्टी ली थी। ऐसी आशंका है कि उसी दिन दोपहर साढ़े तीन से चार बजे के बीच उसकी हत्या की गई। हालांकि पुलिस के वरिष्ठ सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को इस मामले में दाऊद शेख नाम के शख्स को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई है। नवी मुंबई पुलिस ने इस मामले के आरोपी दाऊद शेख को हिरासत में लिया है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दाऊद को कर्नाटक के गुलबर्गा से पकड़ा गया है। आपको बता दें कि यशश्री शिंदे के पिता ने दाऊद शेख नाम के लड़के पर साल 2019 में एक एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने दाऊद शेख के खिलाफ उस वक्त नाबालिक यशश्री के साथ गलत हरकत करते हुए देखा था चूंकि वह नाबालिक थी। इसलिए पुलिस ने इस मामले में पोक्सो के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने धारा 354, 506, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट 2012 की धारा 8 और 12 के तहत मामला दर्ज.किया था। ऐसा बताया जा रहा है कि उस समय पुलिस ने दाऊद को गिरफ्तार किया था और करीब पांच साल तक दाऊद जेल में रहा। जेल से बाहर आने के बाद वह कर्नाटक चला गया था। परिवार का ऐसा आरोप है कि इसके बाद दाऊद फिर से यशश्री के संपर्क में था और पता चला है यशश्री अपनी मौत से पहले दाऊद के संपर्क में थी। यह भी पता चला है कि दाऊद की लोकेशन उरण में दिख रही थी इसलिए भी आशंका जताई जा रही है कि दाऊद ने कर्नाटक से उरण आने के बाद यशश्री को किसी बहाने अथवा किसी तीसरे युवक की मदद से बुलाया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने उसकी तलाश के लिए कई टीम तैयार की इनमें से एक टीम कर्नाटक भेजी गई। मंगलवार 30 जुलाई को पुलिस को इस मामले में दाऊद शेख नाम के शख्स को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई है। नवी मुंबई पुलिस ने इस मामले के आरोपी दाऊद शेख को हिरासत में लिया है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दाऊद को कर्नाटक के गुलबर्गा से पकड़ा गया है। वहीं यशश्री शिन्दे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि पीड़ित लड़की के साथ बलात्कार नहीं हुआ था। हत्यारे ने चाकू से कई वार कर उसे मौत के घाट उतारा है। बाद में कुछ कुत्तों ने शव को नोचा है। शरीर के कुछ हिस्से को जानवर खा गए है। यशश्री के चेहरे, शरीर और प्राइवेट पार्ट्स पर गहरे घाव है।

बताया जाता है कि शव के चेहरे, छाती और गुप्तांगों पर चोटें थीं। परिजनों ने शव की पहचान कपड़े और टैटू से की। नवी मुंबई के उरण पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक राजेंद्र कोते ने कहा कि मृतक यशश्री शिंदे कॉमर्स ग्रेजुएट थी और बेलापुर में एक निजी कंपनी में डेटा एंट्री ऑपरेटर के तौर पर काम करती थी। गुरुवार सुबह वह अपने माता-पिता से यह कहकर घर से निकली थी कि वह अपनी सहेली के घर जा रही है। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटी तो उसके पिता ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी।रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2019 में आरोपी दाऊद शेख ने यशश्री शिंदे का शारीरिक शोषण किया था। तब यशश्री नाबालिग थी, इसलिए दाऊद शेख के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। वह कई साल तक जेल में रहा। इसके बाद जब वह जमानत पर बाहर आया तो फिर से यशश्री के करीब आने लगा।इस पूरी घटना को लव जिहाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सोमैया ने उरण जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

# सावन मास का महत्व और शिव की शरण



ललित गर्ग

सावण मास को मासोत्तम मास कहा जाता है। सावण मास अपना एक विशिष्ट महत्व रखता है। यह माह अपने हर एक दिन में एक नया सवेरा दिखाता। इसके साथ जुडे. समस्त दिन धार्मिक रंग और आस्था में डूबे होते हैं। इस माह की प्रत्येक तिथि किसी न किसी धार्मिक महत्व के साथ जुड़ी हुई होती है। शास्त्रों में सावन के महात्म्य पर विस्तारपूर्वक उल्लेख मिलता है। श्रवण नक्षत्र तथा सोमवार से भगवान शिव शंकर का गहरा संबंध है। इस मास का प्रत्येक दिन पूर्णता लिए हुए होता है। धर्म और आस्था का अटूट गठजोड़ हमें इस माह में दिखाई देता है। इसका हर दिन व्रत और पूजा पाठ के लिए महत्वपूर्ण रहता है। देवों के देव शिव की भक्ति के लिये सावण मास का विशेष महत्व है। शास्त्रों में वर्णित है कि सावन महीने में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसलिए यह समय भक्तों और साधु-संतों सभी के लिए अमूल्य होता है। इस समय सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शिव ग्रहण करते हैं। इसलिए सावन के प्रधान देवता भगवान शिव बन जाते हैं और वे समाज उपेक्षितों, भक्तों एवं पीड़ितों की सहायता करते हैं। सावन मास की अनेकानेक विशेषताएं एवं अलौकिकताएं हैं। मनीषियों का कहना है कि समुद्र मंथन भी श्रावन मास में ही हुआ। इस मंथन से 14 प्रकार के तत्व निकले। उसमें एक कालकूट विष भी निकला, उसकी भयंकर ज्वाला से समस्त ब्रह्माण्ड जलने लगा। इस संकट से व्यथित समस्त जन भगवान शिव के पास पहुंचे और उनके समक्ष प्रार्थना करने लगे, तब सभी की प्रार्थना पर भगवान शिव ने सृष्टि को बचाने हेतु उस विष को अपने कंठ में उतार लिया और उसे वहीं अपने कंठ में अवरूद्ध कर लिया। इस प्रकार इनका नाम नील कंठ पड़ा। इसके बाद देवताओं ने भगवान शिव को जहर के संताप से बचाने के लिए उन्हें गंगाजल अर्पित किया। इसके बाद से ही शिव भक्त सावण मास में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। ज्योतिर्लिंगों का दर्शन एवं जलाभिषेक करने से अश्वमेघ यज्ञ के समान फल प्राप्त होते हैं तथा शिवलोक की प्राप्ति होती है, ऐसी मान्यता है। इन दिनों में अनेक प्रकार से शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है जो भिन्न-भिन्न फलों को प्रदान करने वाला होता है। जैसे कि जल से वर्षा और शीतलता की प्राप्ति होती है। दुग्ध अभिषेक एवं घृत से अभिषेक करने पर योग्य संतान की प्राप्ति होती है। ईख के रस से धन संपदा की प्राप्ति होती है। कुशोदक से समस्त व्याधि शांत होती है. दधि से पशु धन की प्राप्ति होती है और शहद से अभिषेक करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

इसके अतिरिक्त एक अन्य कथा के अनुसार, मरकंडू ऋषि के पुत्र मारकण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र



शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे। इस महीनें में गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, पंचाक्षर मंत्र इत्यादि शिव मंत्रों का जाप शुभ फलों में वृद्धि करने वाला होता है और जीवन रक्षक माना गया है। भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का एक अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत आर्घ्य और जलाभिषेक से किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। भू-लोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है।

भगवान शिवशंकर करोड़ों सूर्य के समान दीप्तिमान हैं। जिनके ललाट पर चन्द्रमा शोभायमान है। नीले कण्ठ वाले, अभीष्ट वस्तुओं को देने वाले हैं। तीन नेत्रों वाले यह शिव, काल के भी काल महाकाल हैं। कमल के समान सुन्दर नयनों वाले अक्षमाला और त्रिशूल धारण करने वाले अक्षर-पुरुष हैं। यदि क्रोधित हो जाएं तो त्रिलोक को भस्म करने के शक्ति रखते हैं और यदि किसी पर दया कर दें तो त्रिलोक का स्वामी भी बना सकते हैं। यह भयावह भव सागर पार कराने वाले समर्थ प्रभु हैं। भोले नाथ बहुत ही सरल स्वभाव, सर्वव्यापी और भक्तों से शीध्र ही प्रसन्न होने वाले देव हैं। उनके सामने मानव क्या दानव भी वरदान मांगने आये तो उसे भी मुंह मांगा वरदान देने में वे पीछे नहीं हटते हैं।

भगवान शिव के प्रति जन-जन की भक्ति और निष्ठा, उनका समर्पण और उनकी स्तुति अनायास नहीं है, बल्कि भक्तों ने शिव की भक्ति में वह सब कुछ पाया है, जो उन्होंने चाहा है। यह उस अनादिअनंत, शांतस्वरूप पुरुषोत्तम शिव की भक्ति और वंदना का ही परिणाम है कि व्यक्ति अपनी परेशानियों, असाध्य बीमारियों से उभरकर स्वस्थ बन जाता है, अपने भौतिक जीवन में हर कामनाओं को पूर्ण होते हुए देखता है। वस्तुतः अपने विरोधियों एवं शत्रुओं को मित्रवत बना लेना ही सच्ची शिवभक्ति है। जिन्हें समाज तिरस्कृत करता है उन्हें शिव गले लगाते हैं। तभी तो भक्त भगवान शिव की शरण आकर निश्चिंत हो जाता है, तभी तो अछूत सर्प उनके गले का हार है। अधम रूपी भूत-पिशाच शिव के साथी एवं गण हैं। शिव सच्चे पतित पावन हैं। उनके इसी स्वभाव के कारण देवताओं के अलावा दानव भी शिव का आदर करते हैं और भक्ति करते हैं। समाज जिनकी उपेक्षा करता है, शंकर उन्हें आमंत्रित करते हैं। ऐसे पालक रुद्रदेव की शरण में भक्त स्वयं को निश्चिंत, सुखी, समृद्ध महसूस करता है। हर व्यक्ति शिव की स्तुति एवं भक्ति करते हुए अपने जीवन को सार्थक मानता हैं, क्योंकि भगवान शिव अपने भक्तों को बहुत फल देने वाले हैं, उनकी हर मनोकामना को पूरा करने वाले हैं। जो अनुपम ऐश्वर्यशाली होते हुए भी गजचर्मधारी हैं, अर्ध शरीर में पत्नी को धारण करने पर भी सांसारिक विषयों से मन को विरक्त किए हुए हैं और यतियों में अग्रगण्य हैं, जो अपने अष्ट रूपों से संपूर्ण जगत का पालन करते हुए अभिमानयुक्त नहीं हैं, निराभिमानी हैं, वे हमें श्रेष्ठ मार्ग को दिखाने के लिए हमारी तामसीवृत्ति को मिटाते हैं, हमारी बुराइयों को दूर करते हैं। भगवान शिव जटारूपी वन से निकलती हुई गंगाजी की गिरती हुई धाराओं से पवित्र किए गले में सर्पों की लटकती हुई विशाल माला को धारण कर, डमरू के डम-डम शब्दों से मंडित प्रचंड तांडव नृत्य कर इस संसार की आसुरी शक्तियों को ललकारते हैं, वे शिव हम सबका कल्याण करते और हमारी जीवन सृष्टि को उन्नत एवं खुशहाल बनाते हैं। भगवान शिव इस संसार के पालनहार हैं, उनके एक हाथ में वर, दूसरे हाथ में अभय, तीसरे हाथ में अमृत कलश और चौथे हाथ में त्रिशुल है। आपकी कृपा चाहने वाले कोई भक्त आपके ह्यवरह्न के पात्र बनें, कोई भक्त ह्यअभयह्न के पात्र बनें और कोई हाथ में स्थित घनीभूत ह्यअमृतह्न के पात्र बनें और ऐसी पात्रता हर शिव भक्त में उमड़े और शिव भक्ति का एक प्रवाह संपूर्ण संसार में प्रवहमान बने, यही इस संसार और सृष्टि का उन्नयन और उत्थान कर सकती है।

भारतीय संस्कृति की भांति शिव परिवार में भी समन्वयकारी गुण दृष्टिगोचर होते हैं। वहां जन्मजात विरोधी स्वभाव के प्राणी भी शिव के प्रताप से परस्पर प्रेमपूर्वक निवास करते हैं। शंकर का वाहन बैल है तो पार्वती का वाहन सिंह, गणेश का वाहन चूहा है तो शिव के गले का हार सर्प एवं कार्तिकेय का वाहन मयूर है। ये सभी परस्पर वैरभाव को छोड़ कर सौहार्द एवं सद्भाव से रहते हैं। शिव परिवार का यह आदर्श रूप प्रत्येक परिवार एवं समाज के लिये प्रेरक है। भगवान शिव जन-जन की रक्षा करते हैं, भक्तों की रक्षा करते हैं। वे देवताओं में श्रेष्ठ, सर्वेश्वर, संहारकर्ता, सर्वव्यापक, कल्याणरूप, चंद्रमा के समान शुभ्रवर्ण हैं, जिनकी गोद में पार्वती, मस्तक पर गंगा, ललाट पर बाल चंद्रमा, कंठ में हलाहल विष और वक्ष स्थल पर सर्पराज शोभित हैं, वे भस्म से विभूषित हैं। जो जगत का भरण करते हैं पर स्वयं भिक्षु हैं, जो सब प्राणियों को निवास देते हैं परंतु स्वयं गृहहीन हैं, जो विश्व को ढकते हैं परंतु स्वयं नग्न हैं। मान्यता है कि भगवान शिव अपने भक्तों की भक्ति को बहुत मान देते हैं। क्षीर समुद्र का दान करने वाले शिव अपने भक्तों द्वारा दिए गए दुग्ध बिंदु को ग्रहण कर लेते हैं। तीन नेत्रों में सूर्य, चंद्र और अग्नि को धारण करते हुए भी आप भक्तों द्वारा दिए गए दीपक को स्वीकार कर लेते हैं। वाणियों के उत्पत्ति स्थान होते हुए भी अज्ञानी भक्तों की वाणियों (स्तुतियों) को सुन लेते हैं। विनीतों, भक्तों के आग्रह से आप क्या-क्या नहीं करते।

# क्यों हो रहा रेल परिचालन फेल ?



निर्मल रानी

गत 30 जुलाई को सुबह सुबह करीब पौने चार बजे एक और रेल हादसा दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर डिवीजन के तहत पेश आया। झारखंड के जमशेदपुर से 80 किलोमीटर दूर सरायकेला-खरसावां ज़िले में बंबू नामक स्थान पर मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में दो रेल यात्रियों की मौत हो गयी व 20 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। पूर्व में हो रहे अन्य रेल हादसों की ही तरह इस रेल दुर्घटना की भी जांच के आदेश दे दिए गये हैं। यह भी खबर है कि इसी दुर्घटनास्थल के पास में ही एक मालगाड़ी भी पटरी से उतर गई थी। लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि क्या इन दोनों ट्रेंस की दुर्घटनाएं एक साथ हुई थीं या आगे पीछे। बुलेट ट्रेन की दुनिया में प्रवेश करने व विश्व की आधुनिकतम रेल सेवाओं का दावा करने वाली भारतीय रेल को गत 13 दिनों के भीतर ही 7 रेल दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ा है। निश्चित रूप से इस तरह से आए दिन हो रही रेल दुर्घटनाएँ बेहद चिंता का विषय हैं। जाहिर है इस तरह की लगातार होने वाली दुर्घटनाओं के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सरकार रेल संचालन में सुरक्षा व्यवस्था के लिये किये जाने वाले जरूरी कदम उठा भी रही है अथवा नहीं ? लगातार हो रहे इतने हादसों के बाद रेल यात्रियों में भारतीय रेल व्यवस्था के प्रति असुरक्षा व अनिश्चितता का भाव पैदा होना भी स्वाभाविक है। झारखण्ड में गत मंगलवार की अलस सुबह हुये मुंबई-हावड़ा मेल के हादसे से एक ही दिन पहले 29 जुलाई को समस्तीपुर-मुजफ़्फ़रपुर रेलखंड पर दरभंगा से दिल्ली जा रही 12565 बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन, कपलिंग टूटने के कारण दो हिस्सों में बंट गई थी। इस रूट पर आ रही अन्य ट्रेन्स को तत्काल रोकने का आदेश दिया गया ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके। उससे पहले 21 जुलाई को दो ट्रेन हादसे हुये। पहला ट्रेन हादसा राजस्थान के अलवर में हुआ जहां यार्ड से निकली मालगाड़ी के तीन डिब्बे पलट गये। इसके कारण अलवर मथुरा ट्रैक बाधित हुआ। दूसरा हादसा 21 जुलाई को ही पश्चिम बंगाल के रानाघाट में हुआ। यहाँ भी एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई है। इस हादसे के कारण भी इस रेल मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन प्रभावित



हुआ है। और इसके एक दिन पूर्व यानी 20 जुलाई को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद -मुरादाबाद सेक्शन के बीच अमरोहा में कंटेनर से भरी ट्रेन के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। इसके कारण दिल?ली-लखनऊ रेलवे लाइन की दोनों लाइनें बंद करनी पड़ींऔर दोनों और का रेल यातायात प्रभावित हुआ। इसी तरह 19 जुलाई को गुजरात के वलसाड-सूरत स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण इस रेल मार्ग पर भी यातायात प्रभावित हुआ। इत्तेफाक से मुंबई-अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना उस समय हुई थी जबकि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पश्चिमी रेलवे मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा सहित रेल संबंधी अन्य विषयों का निरीक्षण कर रहे थे। इस दुर्घटना से भी एक दिन पूर्व अर्थात 18 जुलाई को उत्तर प्रदेश के गोंडा में एक बड़ा रेल हादसा हुआ जबकि गोरखपुर जा रही चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की 17 बोगियां बेपटरी हो गयीं। परिणामस्वरूप 5 बोगियां पलट गईं। इस दुर्घटना में 4 यात्री की मौत हो गई थी और दर्जनों घायल हो गए थे। मात्र जून और जुलाई 2024 में हुई केवल तीन दुर्घटना में कुल मिलाकर 17 यात्रियों की जान चली गई और 100 लोग घायल हो गए। इसके अलावा भी गत एक वर्ष के ही दौरान कई भीषण रेल दुर्घटनाएं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के ही कार्यकाल में होती रही हैं। परन्तु इस बार राजग 3 के कार्यकाल में भी अश्विनी वैष्णव को ही रेल मंत्रालय का जिम्मा सौंपने का सीधा अर्थ है कि प्रधानमंत्री, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिछले कार्यकाल की उनकी कारगुजारियों से संतुष्ट थे। जबकि हक ीकत यह है कि अश्विनी वैष्णव के कार्यकाल में रेल यात्रियों को सुख सुविधा मिलने के बजाये उन की परेशानियों में इजाफा ही हुआ है। आये दिन होने वाली छोटी बड़ी दुर्घटनाओं को केवल जान व माल की क्षति के आधार पर ही आंकना काफी नहीं है। बल्कि दुर्घटनास्थल पर होने वाले व्यवधान के चलते जो मार्ग परिवर्तन किये जाते हैं और उसके कारण जिन लाखों यात्रियों को परशानियों व नुकसान का सामना करना पड़ता है,भारी राजस्व की क्षति होती है, उसका तो कोई आंकड़ा ही नहीं होता। जिन देशों में भारत का 'डंका' बजना प्रचारित किया जाता है वहाँ जब इन आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं की खबर प्रसारित होती होगी तो भारतीय रेल व्यवस्था का कैसा डंका बजता होगा,सरकार ने कभी इस बारे में भी सोचा है ? इन हादसों से रेल यात्रियों को होने वाली परेशानी के अलावा भी रेल मंत्रालय की अनेक नीतियों के चलते भी इन दिनों रेल यात्रा करना बेहद मुश्किल हो गया है। देश की अनेक ट्रेन्स में ए सी कोच की संख्या बढ़ाकर सामान्य कोच की संख्या घटा दी गयी है। कई इंटरसिटी गाड़ियों में बिना जरुरत के स्लीपर कोच लगाये गए हैं और उनमें भी सामान्य कोच की संख्या घटा दी गयी है। उदाहरणार्थ 14712 /11 नंबर की गंगानगर - ऋषिकेश -गंगानगर एक्सप्रेस ट्रेन को समाप्त कर उसकी जगह 14815 /16 बाड़मेर -ऋषिकेष एक्सप्रेस के नाम से उसी समय सारिणी के अनुसार एक ट्रेन चलाई गयी है जिसमें आधे कोच ए सी के हैं और आधे स्लीपर श्रेणी के।और केवल 2 -2 डिब्बे आगे पीछे सामान्य श्रेणी के हैं। आजकल चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान राजस्थान -पंजाब - हरियाणा व उत्तर प्रदेश के तमाम कांवड़ भक्त इसी 14712 /11से हरिद्वार -ऋषिकेश जाते थे पूरी ट्रेन सामान्य होने के बाद भी इसमें पैर रखने की जगह नहीं होती थी। जरा सोचिये अब जबकि लगभग पूरी 14815 /16 बाड़मेर -ऋषिकेष एक्सप्रेस ए सी व स्लीपर क्लास है तो सामान्य श्रेणी के यात्रियों पर क्या गुजर रही होगी। कांवड़ियों के साथ आम यात्रियों को कितनी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा होगा ? और यदि यह सामान्य यात्री जगह न मिलने की सूरत में ए सी व स्लीपर क्लास में जाते हैं तो आरक्षण यात्रियों को भी असुविधा होती है। टिकट निरीक्षक पैसों की वसूली करते हैं और यात्रियों को अपमान भी सहना पड़ता है।

हाँ इतना जरूर है कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भले ही वंदे भारत को हरी झंडी दिखाने की या पुराने रेल स्टेशंस के नवीनीकरण तक की भी इजाजत नहीं परन्तु उन्होंने अपने मंत्रालय के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रचार प्रसार करने और उनके एजेंडे के अनुसार काम करने में कोई कसर बाक ी नहीं छोड़ी। वे प्रधानमंत्री को खुश करने में इतना व्यस्त है कि शायद उन्हें इस बात की फिक्र ही नहीं कि आखिर रेल परिचालन क्यों फेल हो रहा है ?

# पाकिस्तान के नापाक इरादों को कुचलना ही होगा



आरके सिन्हा

बीती 26 जुलाई को देश ने कारगिल विजय दिवस मनाया। जाहिर है, इस मौके पर उन शूरवीरों को देश ने भारी मन से और कृतज्ञता के भाव से याद किया, जिन्होंने देश के लिए अपनी जानों का नजराना दिया था। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर बीते शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लद्दाख में 1999 की जंग के नायकों को श्रद्धांजलि दी। वे कारगिल वॉर मेमोरियल भी गए। करीब 20 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा-पाकिस्तान प्रॉक्सी वॉर के जरिए चर्चा में बना रहना चाहता है। उन्होंने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। अतीत में आतंकवाद को लेकर उनके हर प्रयास विफल रहे। मैं जहां खड़ा हूं, वहां से आतंक के आकाओं तक मेरी आवाज पहुंच ही रही होगी। उनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध परमाणु युद्ध के खतरे के साये में लड़ा गया था। अब यह स्थापित हो चुका है कि जनरल परवेज मुशर्रफ की अगुवाई में पाकिस्तान की सेना ने भारत को युद्ध में धकेला था। उन्होंने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के कारगिल क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर चुपके से कब्जा भी कर लिया था, जबकि दोनों देशों के तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व शांति स्थापना के प्रयासों में जुटे थे। इसमें फरवरी 1999 में लाहौर घोषणा पर हस्ताक्षर भी शामिल था। तमाम जटिल बाधाओं के बावजूद, भारतीय सेना और वायुसेना ने एक ऐसा अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों के वेश में पाकिस्तानी नियमित सैनिकों को खदेड़ दिया गया। भारतीय सैनिकों ने बलपूर्वक अपनी एक-एक इंच जमीन को भी वापस लिया। जबकि, वायुसेना ने दुश्मन की लॉजिस्टिक सुविधाओं और पहाड़ी किलों को निशाना बनाया। कारगिल में बुरी तरह मार खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरा नहीं। पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कारगिल से मिले सबक का इस्तेमाल अन्य अपरंपरागत अभियानों को अंजाम देने के लिए किया, जिसमें 2008 के मुंबई हमले, 2016 में पठानकोट और उरी में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले और 2019 का पुलवामा आत्मघाती हमला भी शामिल हैं। इन हमलों में पाकिस्तान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों की भूमिका साफ नजर आ रही थी। कारगिल और उसके बाद के घटनाक्रमों से साफ था कि पाकिस्तान की सेना ही अपने राजनेताओं द्वारा किये जा रहे शांति के प्रयासों को विफल कर रही है। कारगिल युद्ध के बाद ही परवेज मुर्शरफ राजधानी दिल्ली आए। वे पाकिस्तान की संभवतः पहली बड़ी शख्सियत थे, जो महात्मा गांधी की समाधि राजघाट में पहुंचे थे। यह 17 जुलाई, 2001 की बात है। वे जब



भारत आए तब उन्हें सारा भारत कारगिल की जंग की इबारत लिखने वाला ही मानता था। जाहिर है कि इसी कारण उनसे देश नाराज था। बेशक, मुशर्रफ ने अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं को परवान चढ़ाने के लिए कारगिल का युद्ध छेड़ा था। उस समय वह पाकिस्तान आर्मी के चीफ थे। अपनी आत्मकथा 'इन द लाइन ऑफ फायर' में उन्होंने लिखा है कि पाकिस्तानी सेना कारगिल युद्ध में शामिल थी। हालांकि, इससे पहले पाकिस्तान इस तथ्य को छिपाता और झुठलाता ही रहा था। दिल्ली में 1943 में जन्में मुशर्रफ ने हार की शर्मिंदगी से बचने के लिए पूरी जिम्मेदारी तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर डाल दी थी। चूंकि दिल्ली उनका जन्म स्थान था, इसलिए उनकी उस पहली भारत यात्रा को लेकर जिज्ञासा का भाव भी था। वे जब इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर उतरे तो राजधानी दिल्ली में झमाझम बारिश हो रही थी। उनका राजधानी में पहला अहम कार्यक्रम राजघाट में जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देना था। वे जब राजघाट पहुंचे तब भी बारिश ने उनका पीछा नहीं छोड़ा था। खबरिया चैनलों से दिखाई जाने वाली तस्वीरों से साफ लग रहा था कि वे राजघाट में बेहद तनाव में थे। उन्होंने वहां पर विजिटर्स बुक में लिखा- 'महात्मा गांधी जीवनभर शांति के लिए कोशिशें करते रहे।' कुछ ग्राफोलोजिस्ट ( हैंड राइटिंग के विशेषज्ञों) ने परवेज मुर्शरफ की हैंड राइटिंग का अध्ययन करने के बाद दावा किया था कि मुर्शरफ के राजघाट पर विजिटर्स बुक पर लिखते वक्त हाथ कांप रहे थे और वे तनाव में थे। दरअसल युद्ध हथियारों से ज्यादा हौसलों से लड़े जाते हैं। यह देश ने कारगिल के समय देखा था। सेना तो लड़ती ही है, उसे सारे देश का साथ भी मिलना चाहिए। कारगिल में पाकिस्तान के छल से सारा देश गुस्से में था। कारगिल एक ऐसा युद्ध था जो विश्व की सबसे मुश्किल लड़ाइयों में से एक माना जाता है। भारत के वीर योद्धाओं ने दुश्मन पाकिस्तान को दुर्गम पहाड़ियों की चोटियों से खदेड़ दिया था। हालांकि कारगिल की जंग को जीतने के लिए हमारे लगभग साढ़े पांच सौ शूरवीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनमें परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा भी थे। कैप्टन विक्रम बत्रा ने साहस और शौर्य की लंबी रेखा खींची थी। दुश्मन उनके नाम से कांपते थे। विक्रम ने जुलाई 1996 में भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में प्रवेश लिया। दिसंबर 1997 में प्रशिक्षण समाप्त होने पर उन्हें 6 दिसम्बर 1997 को जम्मू के सोपोर में सेना की 13 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिली। उन्होंने 1999 में कमांडो ट्रेनिंग के साथ कई प्रशिक्षण भी लिए। पहली जून 1999 को उनकी टुकड़ी को कारगिल युद्ध में भेजा गया। हम्प व राकी नाब स्थानों को जीतने के बाद विक्रम को कैप्टन बना दिया गया। इसके बाद श्रीनगर-लेह मार्ग के ठीक ऊपर सबसे महत्वपूर्ण 5140 चोटी को पाकिस्तान की सेना से मुक्त करवाने की जिम्मेदारी कैप्टन बत्रा की टुकड़ी को मिली। कैप्टन बत्रा अपनी कंपनी के साथ घूमकर पूर्व दिशा की ओर से इस क्षेत्र की तरफ बढ़े और बिना शत्रु को भनक लगे हुए उसकी मारक दूरी के भीतर तक पहुंच गए। कैप्टन बत्रा ने अपने दस्ते को पुर्नगठित किया और उन्हें दुश्मन के ठिकानों पर सीधे आक्रमण के लिए प्रेरित किया। सबसे आगे रहकर दस्ते का नेतृत्व करते हुए उन्होनें बड़ी निडरता से शत्रु पर धावा बोल दिया और आमने-सामने की लड़ाई में शत्रु सेना के चार जवानों को मार डाला। बेहद दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद विक्रम बत्रा ने अपने साथियों के साथ 20 जून 1999 को सुबह तीन बजकर 30 मिनट पर इस चोटी को अपने कब्जे में ले लिया। कैप्टन विक्रम बत्रा ने जब इस चोटी से रेडियो के जरिए अपना विजय उद्घोष ह्ययह दिल मांगे मोरह्न कहा तो सेना ही नहीं बल्कि पूरे भारत में उनका नाम छा गया। इसी दौरान विक्रम के कोड नाम शेरशाह के साथ ही उन्हें ह्यकारगिल का शेरह्न कहा जाने लगा। कारगिल में कैप्टन विक्रम बत्रा जैसा पराक्रम सारे भारतीय सैनिकों ने दिखाया था। बेशक, कारगिल की हार से पाकिस्तान की आंखें नहीं खुलीं। वह अब भी भारत के खिलाफ रणनीति बनाता ही रहता है। भारत को उसकी नापाक हरकतों पर हर वक्त पैनी नजर तो रखनी ही होगी। **(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## न्यूट अपडेट

# जनता बिजली पानी के लिए त्रस्त क्षेत्रीय विधायक मस्त :कुँवर पुष्पेन्द्र



**चमकता राजस्थान, वैर (राजवीर सिंह)।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष एवं एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह गोठरा ने बीजेपी सरकार एवं वर्तमान विधायक पर निशाना साधा है उन्होंने बताया है बारिश का समय है दिन में तेज धूप पड़ती है रात को तेज गर्मी के कारण जहरीले कीटों का खतरा रहता है रात में करीब लगातार चार-चार घंटे लाइट काटी जाती है दिन में भी लगातार दो-दो घंटे बिजली गायब रहती है कई ग्राम पंचायत में पानी की विकट समस्या है उसका कोई विधायक एवं सरकार निराकरण में कोई सुनवाई नहीं कर रही है क्षेत्र के लोग बहुत परेशान हैं विधानसभा क्षेत्र की सरदारी आखिर अपनी समस्याओं की शिकायत किससे करें कोई सुनने वाला नहीं अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं क्षेत्र के लोग जब फोन करते हैं सीधे-सीधे उनसे बोल दिया जाता है कि ऊपर से लाइट कट चुकी है क्षेत्र की जनता बहुत परेशान है चुनाव के समय सरकार ने वादा किया था की बिजली एवं पानी की समस्या बिल्कुल नहीं आने देंगे सरकार अपने वादे पर ध्यान नहीं दे रही है सरकार अपने वादे से भटक चुकी है मेरा निवेदन है राजस्थान सरकार एवं यहां का क्षेत्रीय विधायक क्षेत्र की जन समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो एनएसयूआई एवं कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# इंडिया-हाउस में लगा भारतीय एथलीटों का जमावड़ा, नीता अंबानी ने किया सम्मानित




**चमकता राजस्थान, भारत/पेरिस।** पहले कुछ दिनों में ही दो पदक जीत कर भारत ने पेरिस ओलंपिक में शानदार शुरुआत की है। भारतीय खिलाड़ी बड़ी तादाद में डे ला विलेट पार्क में बने इंडिया हाउस पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह, रोहन बोपन्ना, शरत कमल, मनिका बत्रा और अर्जुन बाबूता जैसे शीर्ष भारतीय एथलीटों को इंडिया हाउस में सम्मानित किया गया।

खिलाड़ियों से गर्मजोशी से मिलते हुए आईओसी सदस्या और रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता एम अंबानी ने कहा, ओलंपिक में पहली बार बने इंडिया हाउस में आपका स्वागत है! भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कई भारतीय खिलाड़ी आज यहां मौजूद हैं। आप में से हर एक ने हमारा सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। दूसरा पदक जीतकर हमें गौरवान्वित करने वाले मनु भाकर और सरबजोत सिंह को विशेष धन्यवाद। सरबजोत सिंह आज हमारे साथ हैं और हमें उनका खड़े होकर अभिवादन करना चाहिए। ढोल की थाप के साथ खिलाड़ियों का स्वागत पारंपरिक भारतीय टीका लगा कर किया गया। नीता अंबानी ने सभी खिलाड़ियों के प्रयासों और दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभार जताया। ओलंपिक आंदोलन का समर्थन करने के लिए इंडिया हाउस में डिजिटल ज्योति भी जलाई गई।

# राजस्थान सरकार के पर्यावरण ब्रांड एंबेसडर राम अवतार व हरकेश ने किया पौधारोपण



**चमकता राजस्थान, करौली।** पर्यावरण ब्रांड एम्बेसडर राजस्थान सरकार रामअवतार मीणा एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री हरकेश मीणा ने उच्च माध्यमिक विद्यालय अस्थल अटा विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इसके साथी स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल करौली, राजकीय माध्यमिक स्कूल बसी का बाग, स्वतंत्रता सेनानी चिरंजी लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल करौली, देवनारायण आवासीय स्कूल गुडला शहद कई अन्य स्कूलों में भी पौधारोपण किया गया।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं स्कूलों के प्रिंसिपल मौजूद रहे और देश में पर्यावरण बचाने के लिए संकल्प लिया।ग्रामीण एवं विद्यालय परिवार ने शौचालय निर्माण एवं दो कमरे की मांग की जो राजस्थान सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री राम अवतार मीणा द्वारा उनकी घोषणा की। जिसमें समस्त विद्यालय परिवार, प्रिंसिपल उमा वर्मा, गोपाल लाल शर्मा, ओम प्रकाश गुर्जर, चंद्र प्रकाश शर्मा, रणजीत मीणा, निधि मीणा, लकी शर्मा, लोकेश सैनी, रामसिंह सैनी, गंगासाह मीणा, सुरेश सैनी, फूलसिंह सैनी, हनुमान शर्मा ग्रामवासी एवं विद्यालय परिवार ने घोषणा करने पर उसका आभार व्यक्त किया गया।

# पुष्कर तीर्थ पुरोहितों ने सरोवर की दुर्दशा पर तीन घण्टे तक किया धरना प्रदर्शन



**चमकता राजस्थान, श्रीनगर।** अजमेर पुष्कर तीर्थ पिछले कुछ दिनों से सरोवर में भारी मात्रा में मछली मर रही है। पुरोहितों ने बताया की सरोवर में मछलीयां मरने से दुर्गन्ध फेल रही है। सुबह सरोवर की परिक्रमा करने वालो एवं सावन के चलते कांवड़ियों को परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने कुछ व्यवस्थाएं की पर व्यवस्थाएं नही बन पाने की वजह से तीर्थ पुरोहितों ने धरना देकर आग्रह किया की जल्द से जल्द समास्याएं सुधारी जाए , जिला कलेक्टर ने तुरन्त व्यवस्थाएं बढ़ा कर पुरोहितों को आश्वासन दिया की जल्द ही ओर भी उपकरण लगाकर मछलियों को मरने से बचाया जाएगा। सभी ने जिला कलेक्टर का आभार प्रकट किया।

# होटल बेलाकासा में निरीक्षण के दौरान मिली भारी अनियमितताएं वेज और नॉनवेज एक ही प्लेटफॉर्म पर किया जा रहा था तैयार

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार–मिलावट पर वार अभियान के तहत निरंतर कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन और अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय की खाद्य सुरक्षा टीम ने प्राप्त शिकायत के आधार पर बुधवार को टोंक रोड स्थित होटल बेलाकासा का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान होटल में गंदगी पाई गई। हाइजीन एवं सेनिटेशन का स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। कार्यरत फूड हैंडलर्स का न तो मेडिकल सर्टिफिकेट और पानी की जांच रिपोर्ट नहीं मिली। किचन में वेज और नॉनवेज खाना एक ही प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जा रहा था। निरीक्षण में मिले अवधिपार सूजी के पैकेट को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। किचन में बनाए जा रहे किसी भी खाद्य पदार्थ पर टैगिंग नहीं की जा रही थी। ब्रेड के पैकेट पर भी टैगिंग, निर्माण और अवधिपार होने की डेट अंकित नहीं मिली।

निरीक्षण में पनीर की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई। काम में लिए जा रहे ड्राई फ्रूट खराब हो चुके थे। डिस्प्ले किए गए बेकरी आइटम पर उपयोग लेने की समयावधि अंकित नहीं थी। सड़े हुए प्याज काम लिए जा रहे थे। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम– 2006 के अंतर्गत पनीर सब्जी की ग्रेवी, यूज्ड कुकिंग ऑयल और काजू के नमूने जांच हेतु लिए गए, जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। होटल को धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है, जिसकी पालना नहीं करने पर फूड लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, अवधेश गुप्ता एवं श्री नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे।

**केंद्रीय दल ने लिए दो सैंपल**

इसी प्रकार केंद्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने संयुक्त आयुक्त डॉ. एसएन धौलपुरिया के निर्देशन में सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया में मेसर्स गोविन्द फूड्स पर कार्रवाई की। यहाँ पर फेन एवं पेटीज बनाई जाती है। निर्माण इकाई एक्ट के मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। साफ–सफाई एवं हाइजीन की स्थिति संतोषप्रद नहीं थी। खाद्य पदार्थ का भंडारण भी नियमानुसार नहीं था। मौके से 2 सैंपल एक्ट के तहत लिए गए। रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अधिक सवारियां ले जा रहे टैम्पो पर ट्रैफिक पुलिस ने की कार्यवाही



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में ट्रैफिक पुलिस ने जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरणा, एडिशनल एसपी कमल जांगिड़, वृत्ताधिकारी नरेंद्र कुमार व थानाधिकारी शिवलहारी मीणा के आदेश व निर्देशन की पालना में यातायात प्रभारी किलेदार मीणा व कैलाश चंद, बालवीर, वीरेंद्र सिंह हरसाना समस्त ट्रैफिक पुलिस टीम ने आम जन से हेलमेट लगाने की समझाईश की। साथ ही रोड पर दौड़ रहे, मोटरसाइकिल जिन में थ्री व्हीलर लगवा रखा है। जो आए दिन रोड पर दौड़ते हैं। उनके विरुद्ध धारा 207 एमबी एक्ट के तहत व थ्री व्हीलर टेंपो जिन में ड्राइवर साइड की सीटों पर यात्रियों को बिठाकर ले जाया जाता है। जो एक्सीडेंट का एक बड़ा कारण बनती है। उन टेंपो की ड्राइवर साइड की दोनों तरफ की सीटों को स्थाई हटवाया। इसके साथ साथ धारा 207 एमबी एक्ट में 8 वाहन व 206 एम बी एक्ट में 4 वाहन सहित कुल 12 करवाई की गई। साथ ही आमजन से यातायात नियमों की पालन हेतु समझाइश की गई। ट्रैफिक इंचार्ज किलेदार मीणा ने बताया कि इस तरह की कार्यवाही भविष्य मे भी जारी रहेगी।

# आगरा मंडल मे माह जुलाई में 49 अनाधिकृत वेंडरो को चार्ज किया गया



**चमकता राजस्थान, आगरा।** आगरा मंडल के रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आगरा अमित आनन्द के निर्देशन में आगरा मंडल में लगातार अवैध वेंडिंग के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है ! जिसमे अनाधिकृत/अनब्रांडेड पानी या खाने की पैक्ड वस्तुए पकड़ी जा रही है ! आगरा मंडल में माह जुलाई - 2024 में 49 अनाधिकृत वेंडरो को चार्ज किया गया है ! जिसमे 39 वेंडरो पर न्यायिक प्रक्रिया के तहत 25000 रू का जुर्माना लगाया गया है ! और 10 को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है ! अवैध वेंडिंग रोकथाम स्क्वाड टीम द्वारा लगातार अनाधिकृत वेंडरो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है ! इसका मुख्य उद्देश्य खराब गुणवता की खाद्य सामग्री, ओवर चार्जिंग पर रोक लगाना है ! इसके तहत स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खानपान इकाईयों पर उचित मूल्यों पर पानी एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध हो ! जिससे यात्रियों के साथ ओवर चार्जिंग जैसी घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके। जनसंपर्क अधिकारी कु.प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया की अवैध वेंडरों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही हैं ! जिससे कि खराब गुणवता की खाद्य सामग्री, ओवर चार्जिंग पर रोक लगायी जा सके।

# पुलिस ने दहेज उत्पीडन के मामले में पति को किया गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान, वैर (राजवीर सिंह)।** गिर्राज कॉलोनी थाना कोतवाली भरतपुर निवासी श्रीमति मनीषा पत्नी आलोक पुत्री ईश्वरसिंह जाति जाट ने नयागांव खुर्द थाना बयाना कोतवाली हाल श्याम अपाटमेन्ट 7 गणेश नगर थाना करधनी जयपुर निवासी अपने ससुरालीजनों के विरूद्ध उसके साथ मारपीट करने व दहेज के लिये प्रताडित कर घर से निकाल देने का एक मामला थाना वैर में पंजीवद्ध कराया था। उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी पति आलोक पुत्र बृजराजसिंह उम्र 31 साल जाति जाट निवासी नयागांव खुर्द थाना बयाना कोतवाली हाल श्याम अपाटमेन्ट-7 गणेश नगर थाना करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

# भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के पदभार ग्रहण समारोह को लेकर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि 3 अगस्त को सुबह 10.00 बजे भाजपा के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ भव्य समारोह के बीच पदभार ग्रहण करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार के मंत्रिमंडल के मंत्रीगण, प्रदेश के समस्त केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायकगणों के साथ प्रदेश के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में पदभार ग्रहण करने के बाद प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी, सह प्रभारी एवं जिलाध्यक्षों की विशेष बैठक को संबोधित करेंगे।




प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि पदभार ग्रहण समारोह को लेकर राजधानी जयपुर में भव्य साज सज्जा की जाएगी। शहर भर में भाजपा के ध्वज लगाए जाएंगे और भाजपा प्रदेश कार्यालय पर रोशनी की जाएगी। पदभार ग्रहण समारोह में प्रदेशभर से हजारों भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम के तहत 2000 भाजपा कार्यकर्ता जयपुर एयरपोर्ट से ''बाइक रैली'' के माध्यम से प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का स्वागत करेंगे। बाइक रैली जयपुर एयरपोर्ट से लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय तक निकाली जाएगी। ऐसे में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों के साथ कार्य वितरण समितियों को लेकर चर्चा की गई। समारोह में मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था से लेकर तमाम आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता की जिम्मेदारी तय की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, मोर्चा, प्रकोष्ठ और विभागों के संयोजक एवं अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उदयपुरवाटी में भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न

**भाजपा के मदनलाल सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक**

**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** कस्बे में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्य समिति की बैठक मदनलाल सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई ' भाजपा के मदन लाल सैनी के अनुसार बैठक में राज्य सरकार की मनसा अनुसार एक पेड़ मां के नाम व 7 अगस्त को हरियाली तीज पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया। सैनी के अनुसार वर्तमान में प्रकृति को व पर्यावरण को जन स्वास्थ्य हित में बचाने के लिए पेड़ों की अति आवश्यक है। इस महत्व को विस्तार से समझते हुए समस्त उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने घर पर पांच-पांच पेड़ लगाने का संकल्प लिया। इस दौरान विजय कुमार चेजारा, जगदीश प्रसाद ढेनवाल, रमेश सैनी, राजेश स्वामी, विकास मीणा, युवा नेता शैतान सिंह टांक, विनोद कुमार, मुकेश कुमार कटारिया, हरीश दायमा ,चौरे लाल सैनी, बृजलाल शर्मा ,जगदीश कुमावत, अर्जुन सिंह ,गिरधारी लाल रेगर ,झबर सिंह शेखावत, महेश सैनी ,महावीर प्रसाद सैनी, द्वारका प्रसाद अससवाल ,गिरधारी लाल राठी ,नर्सिंग प्रसाद सुभाष चंद्र सैनी, ओम प्रकाश ,ताराचंद सहित कई लोग मौजूद रहे।

## राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह हुए सेवानिवृत्त

# सफलता अर्जित करने के लिए सजगता एवं निर्मलता के गुणों को आत्मसात करने की ज़रूरत : राजेश्वर सिंह

**चमकता राजस्थान**

**अजमेर।** राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने कहा कि हर क्षेत्र में सफलता अर्जित करने के लिये सजगता, संयम, सहजता एवं निर्मलता के गुणों को आत्मसात करने की जरूरत है।वे बुधवार को राजस्व मंडल सभागार में उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्मक्षेत्र में सफलता के लिये सदाशयता एवं सहजता के मानवतावादी गुणों के आधार बनाने की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें बगैर किसी को कष्ट पहुंचाये सर्वकल्याणकारी सोच के साथ कार्य करने का संकल्प लेना चाहिये। हम परस्पर सांस्कृतिक धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करें। आपसी सौहार्द एवं सहयोग की भावना से आगे बढते हुए स्वस्थ परिवेश की स्थापना करें।



समारोह में अध्यक्ष श्री सिंह, तहसीलदार शंकर लाल बलाई एवं जमादार श्रीमती हेमा का सेवानिवृत्ति के अवसर पर माल्यार्पण, पुष्प गुच्छ, साफा, शॉल, स्मृति चिह्न एवं गीता भेंट कर अभिनंदन किया गया। समारोह में मंडल निबंधक महावीर प्रसाद, सदस्य सुरेंद्र माहेश्वरी, अविनाश चैधरी, भंवर सिंह सांदू, भवानी सिंह पालावत, महेंद्र लोढ़ा, कमला अलारिया, आरआरटीआई निदेशक ऋषिबाला श्रीमाली, अति. निबंधक प्रिया भार्गव, उप निबधक सुनीता यादव एवं सलीम खान वित्तीय सलाहकार शैलेंद्र परिहार, सांख्यिकी निदेशक बीना वर्मा, अमित शर्मा, सुधीर शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। स्वागत विभागीय समिति अध्यक्ष अजय गुर्जर ने जबकि आभार सचिव राजकुमार बाघमार ने जताया।

**विविध उपलब्धियों भरा रहा सिंह का कार्यकाल**

श्री राजेश्वर सिंह के 4 अगस्त 2021 को मंडल अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद निरंतर रूप से मंडल की बेहतरी के लिये प्रभावी कदम उठाकर प्रदेश के राजस्व न्यायालयों के लिये मिसाल कायम की। राजस्व न्यायालयों के निर्णयों की गुणवत्ता को परखने के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्णय लेखन प्रतियोगिता, पीठासीन अधिकारियों की निर्णय लेखन कार्यशालाएं, राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार के लिये निबंध लेखन प्रतियोगिताएं व विजेताओं का सम्मान, अन्य राज्यों के राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली का अध्ययन सहित अनेक नवाचारों से राजस्व मंडल को नयी पहचान मिली।

उन्होंने राजस्व न्यायालयों के कामकाज को विधिसम्मत ढंग से सम्पादित कराने को लेकर समय समय पर महत्वपूर्ण परिपत्र एवं दिशा निर्देश भी जारी किये।

# बाघोली मैं 2 महीने से हो रही विद्युत कटौती को लेकर जीएसएस के सामने किया विरोध प्रदर्शन

➲ **समस्या का शीघ्र नहीं हुआ समाधान तो होगा उग्र आंदोलन**

**चमकता राजस्थान**

**उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** उपखंड क्षेत्र के बाघोली गांव के जीएसएस पर अघोषित बिजली कटौती को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने जीएसएस के सामने बिजली विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रात्रि में बिजली कटौती नहीं करने की मांग की। बाघोली से हमारे सहयोगी राकेश सैनी की विशेष रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 2 महीने से बाघोली जीएसएस पर रात को अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। जो गर्मी मौसम में रात्रि को 5 घंटे बिजली काटी जा रही है। उमस में परेशान



लोगों व बच्चों का सोना भी हराम हो रहा है। वही मच्छर भी काटने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जिसमें आमजन को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। बिजली विभाग की अनदेखी से रात्रि को ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली कटौती कर परेशान करते हैं। बीएल सैनी ने कहा कि बिजली कटौती की साथ पानी की आपूर्ति से भी आम ग्रामीण परेशान है। भाजपा सरकार जिस क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक है। उस क्षेत्र में बिजली कटौती कर लोगों को परेशान कर रही हैं। राजेश बायल ने कहा कि ग्रामीण रात्रि में हो रही बिजली कटौती को कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा सरकार आते ही बिजली की बचत करने में लगी है। ग्रामीणों क्षेत्रों में रात्रि को बिजली काट कर बैठ जाते है। लीलाधर ने कहा कि रात्रि में बिजली कटौती को लेकर उमस में परेशान ग्रामीण उग्र होकर जीएसएस पहुंचे। जेईएन उदयपुरवाटी के नाम से ज्ञापन देकर बिजली कटौती को बहाल करने की मांग की है। प्रदर्शन करने वाले लीलाधर सैनी, बीएल सैनी, राजेश वर्मा, दीपक मीणा, संजय वर्मा, जितेंद्र गुर्जर, कान्हा गुर्जर, राम सिंह गुर्जर, शिभ्भू सिंह, बनवारी लाल, प्रभात राम, भरतरी गुर्जर, सतपाल गुर्जर, रामावतार सेन, विक्रम सैनी, राकेश, लीलाधर, महेंद्र, दीपक रावत, राजेश सैनी, कालू खटाना आदि शामिल थे।

**इनका कहना है**

सहायक अभियंता, मनफूल वर्मा ने कहा कि गांव के जीएसएस पर रात्रि में चल रही बिजली कटौती के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया है एक-दो दिन में कटौती बहाल कर दी जाएगी।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के चार वर्ष पर कार्यक्रम, राजीव अरोड़ा रहे मुख्य अतिथि



**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर गोविंद सिंह डोटासरा के चार वर्ष पूर्ण होने तथा विनोद जाखड़ के एनएसयूआई राजस्थान अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर मंगलवार को जयपुर के जगतपुरा में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बगरू विधानसभा के जगमोहन बंशीवाल द्वारा किया गया, जिसमें जयपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी और कांग्रेस नेता राजीव अरोड़ा मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए। आयोजक एवं स्थानीय लोगों द्वारा एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ तथा राजीव अरोड़ा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ राजीव अरोड़ा ने केक काटा तथा आपस में बधाई दी। अरोड़ा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों तथा इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की प्रमुख भूमिका रही है। अरोड़ा ने जाखड़ को छात्रशक्ति को सशक्त बनाने के लिए आगामी कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त खबरें

### सोने की दुकान में सिलेंडर फटने से भयानक हादसा, कम से कम 25 घायल, 10 गंभीर

**कोलकाता।** भीड़ भरे बाजार में सोने की दुकान में सिलेंडर विस्फोट। उत्तरी दिनाजपुर में एक भयानक हादसे में कम से कम 25 लोग घायल हो गए। घायलों में से दस की हालत गंभीर है। सभी अस्पताल में भर्ती हैं। हादसा दालखोला थाना क्षेत्र के बाजारगांव-1 ग्राम पंचायत के खुदुरगाछी बाजार में हुआ। हादसा तापस सिंह नाम के सोना कारोबारी की दुकान में हुआ। उस वक्त दुकान में कई लोग थे। अचानक सिलेंडर फट गया। तेज धमाके से बाजार दहल गया। स्थानीय लोग दौड़कर आये। उन्होंने ही पुलिस और अग्निशमन विभाग को खबर भेजी गयी। दुकान में मौजूद खरीददारों और विक्रेताओं को आनन-फानन में बचाया गया और पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घायलों में से दस की शारीरिक स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें रायगंज मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया गया है। विस्फोट कैसे हुआ, इसकी जांच पुलिस ने जारी रखी है।

### मुख्यमंत्री प्रखण्ड परिवहन योजना के लिए आवेदन 01 से 25 अगस्त तक

**कटिहार।** परिवहन विभाग के द्वारा जिले के सुदूर इलाकों को प्रखण्ड मुख्यालय से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना चलाई गई थी। इस योजना के तहत अब आवागमन की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा सभी प्रखण्डों में बस सेवा के माध्यम से जिला मुख्यालय को जोड़ने के लिए (मुख्यमंत्री प्रखण्ड परिवहन योजना) संचालित की गई हैं। जिले में पहले चरण में लक्ष्य प्राप्त नहीं होने के कारण अब दूसरे चरण की शुरूआत की गई है। जिसके लिए इच्छुक लाभार्थी 01 अगस्त से 25 अगस्त तक इस योजना के लिए आवेदन दे सकते हैं। इस संदर्भ में जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) बालमुकुन्द प्रसाद ने बताया कि आवेदन की तिथि के समाप्ति के पश्चात 27 अगस्त को सभी आवेदकों का प्रखंडवार एवं कोटिवार वरीयता सूची तैयार किया जाएगा तथा 29 अगस्त को जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लाभुकों का चयन किया जाएगा। इसके पश्चात ही जिला में मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना में चयनित लाभुकों को 06 सितंबर से 10 सितम्बर तक जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा चयन पत्र का वितरण किया जायेगा।

### नवविवाहिता की मौत,ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

**नवादा।** नवादा में नवविवाहिता की संदिग्ध अवस्था में बुधवार को मौत हो गयी है. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. वहीं घटना की सूचना पर पहुंचे नवविवाहिता के मायके वालों ने ससुरालवालों पर जहर देकर हत्या कर देने का आरोप लगाया है. बहरहाल पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा है.यह घटना नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव का बताया गया है, जहां संदिग्ध अवस्था में एक नवविवाहित की मौत हो गई है. मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया. पुत्री की ससुराल से अचानक मौत की सूचना मिलने पर पहुंचे मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या कर देने का आरोप लगाया है. मृतका की पहचान शाहपुर निवासी विपिन यादव की पत्नी खुशी कुमारी के रूप में किया गया है.मृतक की मां ने बताया कि दो साल पूर्व मेरी बेटी गांव के ही एक लड़का गौरी यादव के पुत्र विपिन यादव के साथ भाग कर प्रेम विवाह की थी. तो मायके से रुपये लाने का डिमांड करने लगा .नहीं मांगने पर मेरी बेटी को जान मारने की धमकी भी दे रहा था और मारपीट व प्रताड़ित भी किया जा रहा था.मृतका की मां सुनीता देवी ने कहा डिमांड पूरा नहीं होने पर अंत में मेरी बेटी खुशी कुमारी को लक्ष्मीनिया देवी, रूबी देवी एवं रोहित कुमार ने जबरदस्ती जहर खिलाकर उसकी हत्या कर दी है।

### आकाशीय बिजली से चाचा भतीजे की मौत

**रोहतास ।** रोहतास जिले के करगहर प्रखंड क्षेत्र के देव खैरा गांव में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से चाचा भतीजे की मौत हो गई तथा परिवार के पांच अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक शंकर राम 45 वर्ष एवं उनका भतीजा विवेक कुमार 21 हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को अन्त्यपरीक्षण के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजन के अनुसार परिवार के सभी सदस्य छत के ऊपर लगाए गए झोपड़ी में तथा आंगन में थे। भतीजा विवेक कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि धनजी राम की पत्नी बुद्धि देवी ऋषि कपूर राम की पत्नी रानी देवी कृष्णा राम की पत्नी सिंधु देवी शंकर राम की पुत्री दुर्गा कुमारी एवं धनजी राम की पुत्री दिव्यांशु कुमारी घायल हो गई।देखने वालों की भारी भीड़ जमा हो गई।सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां दिव्यांशु को छोड़कर सभी घायलों को गंभीर अवस्था में सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### लड़कों के लिए सीआईएससीई क्षेत्रीय योग प्रतियोगिता आयोजित

**कोलकाता।** इस प्रतियोगिता में हेरिटेज स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने अंडर 17 वर्ग में पारंपरिक समूह योग और लयबद्ध योग में भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर क्षेत्र के 24 स्कूलों में से, द हेरिटेज स्कूल ने पारंपरिक समूह योग (अंडर 17 श्रेणी) में ग्रुप चैंपियन ट्रॉफी जीती और लयबद्ध योग में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### चुनाव के बाद सीएम निकली जिले के दौरे पर

# सीएम आदिवासी दिवस मनाने के लिए पहुंचेंगी झाड़ग्राम

संवाददाता

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद फिर से ख्यमंत्री ममता बनर्जी जिले का दौरा शुरू कर रही हैं। उन्होंने इस बार अपने दौरे की शुरूआत झाड़ग्राम से करेंगे, जो जंगलमहल का अच्छा परिणाम है। सीएम ममता बनर्जी अगस्त के दूसरे हफ्ते में दो दिनों के लिए वहां जा रही हैं। 9 अगस्त आदिवासी दिवस है। राज्य सरकार द्वारा हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। इस बार यह अलग नहीं है। जिला सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने आदिवासी दिवस मनाने के लिए झाड़ग्राम को चुना है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम झाड़ग्राम स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 9



अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर झाड़ग्राम जा रही हैं। मुख्यमंत्री झाड़ग्राम स्टेडियम में दिन के समारोह में भाग लेंगे। आयोजन का शेड्यूल अभी आधिकारिक तौर पर तय नहीं किया गया है। हालांकि, झाड़ग्राम जिला तृणमूल (टीएमसी) एक पार्टी के तौर पर तैयारी शुरू कर रही है। आज बुधवार को झाड़ग्राम शहर के केंद्रीय बस टर्मिनल चौक पर जिला तृणमूल की बैठक बुलाई गयी थी। मुख्यमंत्री के दौरे पर फोकस करते हुए जिले के विभिन्न स्तर के नेता तैयारी बैठक में उपस्थित थे। जिला तृणमूल ने बताया कि भले ही कार्यक्रम सरकारी है, लेकिन बैठक में लोग ठीक से आ सकें, इस लक्ष्य को लेकर पार्टी स्तर पर पहल की जायेगी। साथ ही मुख्यमंत्री के आगमन से पहले पार्टी स्तर पर शहर पालिका के कामकाज, विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की जायेगी। प्रशासन के एक सूत्र के मुताबिक, अन्य वर्षों की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री आठ अगस्त की दोपहर झाड़ग्राम पहुंचेंगे। पर्यटन विकास निगम के झाड़ग्राम पर्यटक परिसर में रात्रि विश्राम। अगले दिन 9 अगस्त को झाड़ग्राम स्टेडियम में विश्व अदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। झाड़ग्राम जिला परिषद अध्यक्ष चिन्मयी मरांडी ने कहा, "9 अगस्त को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी झाड़ग्राम समारोह में शामिल होंगी। हमने इस बारे में बुधवार को एक बैठक की है।

## सुपौल में नर्सरी में पढ़ने वाले बच्चे ने तीसरी कक्षा के छात्र को मारी गोली

एजेंसी

**पटना।** बिहार में सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज-लालपट्टी स्थित सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल में बुधवार को नर्सरी क्लास में पढ़ रहे सात साल के बच्चे ने तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे को गोली मार दी। प्रार्थना से पहले नर्सरी के छात्र ने तीसरी क्लास में पढ़ने वाले 12 वर्षीय छात्र मो. आसिफ के बाएं हाथ में गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में जख्मी छात्र को अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज में भर्ती कराया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने लालपट्टी गांव स्थित एनएच 327 को करीब आधे घंटे तक जामकर विरोध-प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग की। जाम हटाने के लिए



पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस विभाग के बड़े अधिकारियों ने किसी तरह से समझाकर जाम को खत्म कराया। अब सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया। हालांकि, प्रशासन की सूझबूझ से सैकड़ों बच्चों को स्कूल से बाहर निकाला गया। इधर, घटना के बाद गोली चलाने वाला छात्र और स्कूल प्रशासन के लोग फरार हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि विद्यालय के डायरेक्टर को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। गोली चलाने वाले बच्चे की उम्र छह से सात वर्ष है।

## राशन भ्रष्टाचार मामला: ईडी ने 20 घंटे की तलाशी के बाद बारिक बिस्वास को बुलाया

संवाददाता

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने राशन भ्रष्टाचार मामले में सोमवार सुबह से कोलकाता समेत उत्तर 24 परगना के कई जगहों पर तलाशी शुरू की थी। ईडी ने दावा किया कि बशीरहाट, बारासात, राजारहाट में कई दफ्तरों और फ्लैटों पर 20 से 21 घंटे तक छापेमारी कर कई दस्तावेज हासिल किये गये। उनके फ्लैट से करीब 20 लाख रुपये और सोने के बिस्किट बरामद हुए थे। जांचकर्ता इनका स्रोत जानना चाहते हैं। सूत्रों के मुताबिक, ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी कारोबारी बारिक बिस्वास को इस हफ्ते साल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में बुलाया गया है। दूसरी ओर, जांचकताओं ने सोमवार को व्यापारी मुकुल और अनीसुर रहमान के घर की तलाशी ली और उनके दो मोबाइल फोन ले लिए। उन्हें भी ईडी दफ्तर में बुलाया है।



चुनाव के बाद राशन घोटाला मामले पर लगाम कसने के लिए ईडी फिर से सक्रिय हो गई है। सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे बशीरहाट, राजारहाट में पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी कारोबारी बारिक विश्वास के घर और दफ्तर की तलाशी ली गई। रात 11 बजे तक वे चले गये। सूत्रों के मुताबिक बारिक बिस्वास के राजारहाट स्थित फ्लैट से करीब 20 लाख नकद और कई सोने के सिक्के बरामद हुए हैं। गौरतलब है कि बारिक बिस्वास कुछ साल पहले सोना तस्करी के मामले में जेल में बंद था। शायद यही कारण है कि उनके पास सोने के सिक्के हैं। हालांकि, जब ईडी सूत्रों के मुताबिक इन सबके स्रोत के बारे में सवाल किया गया तो कोई जवाब नहीं मिला। इसीलिए ईडी ने उन्हें दफ्तर बुलाया है। उन्हें शुक्रवार को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में बुलाया गया है । दूसरी ओर, ईडी ने देगंगा के मुकुल रहमान और अनीसुर रहमान के घरों की भी तलाशी ली। वे बाकिबुर के रिश्तेदार हैं, जिन्हें राशन भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने पकड़ा है। जांचकताओं ने दोनों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। पता चला है कि रहमान के पास डीएलएड, बीएड कॉलेज के अलावा बाराचापा, देगंगा में आवासीय मिशन हैं। जांचकर्ता उनकी आय का स्रोत जानना चाहते थे। खबर है कि उन्हें भी ईडी दफ्तर बुलाया गया है। मुकुल और अनीसुर का दावा है कि वे इस जांच में सहयोग करेंगे।

## ठगी करते पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी

**नवादा।** नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में अबतक सैकड़ों साइबर की गिरफ्तारी व पुलिसिया कारवाई के बावजूद भी इलाके के विभिन्न गांवों में ठगी का मामला जोरों पर है. बुधवार को थाना क्षेत्र के चकवाय पंचायत स्थित बलवापर गांव के पूरव बगीचा से पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच युवकों को ठगी से संबंधित दस्तावेज के साथ गिरफ्तार किया है। थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता कर पकरीबरावां एसडीपीओ महेश कुमार चौधरी ने आज बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अफरातफरी में की गई कारवाई के दौरान बलवापर गांव के पूरव बगीचा से बलवापर गांव निवासी क्रमशः रमेश शर्मा के पुत्र पंकज कुमार,बोतल राम के पुत्र रोहित कुमार,दिलीप प्रसाद के पुत्र रोहित कुमार,ललन राम के पुत्र राजपाल कुमार एवं बोतल राम के पुत्र राहुल कुमार को धनी



फाइनेंस के नाम पर ठगी करते गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक ठगी करने में मशगुल था कि सामान्य कपड़ों से लवरेज रहे पुलिस कर्मियों की भनक लगते ही इन युवकों ने नहीं भांप पाया और मौके से ही दबोच लिए गए। हालांकि कई साइबर अपराधी भागने में भी सफल हो गया,जिसकी गिरफ्तारी हरहाल में यथाशीघ्र की जायेगी। गिरफ्तार किए गए स्थल से 08 एन्ड्राइड मोबाइल,01 कीपैड मोबाइल व ठगी धंधे की जान कहे जाने वाले 86 पेजों का कस्टम डाटा बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए कुल पांच युवकों ने ठगी धंधे में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। बताया गया कि जिस स्थान से इन पांच साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है,वहां से कई साइबर अपराधी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल भी रहा है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मुंबई से चुरायी 10 लाख की घड़ियां मोतिहारी के घोड़ासहन से बरामद

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** मुंबई में घड़ी दुकान का शटर काटकर 25 लाख की घड़ियां चोरी करने के मामले में मुंबई पुलिस ने जिले के घोड़ासहन व शिकारगंज थाना पुलिस के सहयोग से देर रात शिकारगंज के परेवा गांव में अनीता देवी व घोड़ासहन के हसन नगर में मोबिन देवान के घर में छापेमारी करते हुए करीब दस लाख रुपये मूल्य की घड़ियां बरामद की है। जानकारी के अनुसार चोरी के उक्त मामले में मुंबई पुलिस ने मोबिन देवान सहित तीन लोगों को मुंबई में ही गिरफ्तार किया था, जिसने पूछताछ के दौरान घोड़ासहन के शटरकटवा गिरोह के शामिल होने की बात कही थी,जिसके बाद मुंबई पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसके घर से चोरी की घड़ियां बरामद की है। उसके घर से चोरी के 60 मोबाइल भी बरामद किए



गए हैं, जिनकी कीमत करीब 20 लाख रुपये बतायी गयी है। सभी मोबाइल भी चोरी के हैं। मोतिहारी पहुंची मुंबई पुलिस के अनुसार बीते 19 जुलाई की अहले सुबह शटरकटवा गिरोह के शातिरों ने मुंबई में एक घड़ी शोरूम से करीब 25 लाख की घड़ियां चुरा ली थीं। अनुसंधान के क्रम में शटरकटवा गिरोह के शातिर मोबिन देवान सहित तीन को मुंबई में गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य चोरी की घड़ियां लेकर घोड़ासहन पहुंचे व मोबिन के घर में छुपा दी।जिसके पुलिस मोबिन को लेकर सोमवार को घोड़ासहन व शिकारगंज पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ छापेमारी कर चोरी की घड़ियां व मोबाइल बरामद की। थानाध्यक्ष शंभू मांझी ने बताया कि बरामद घड़ी व मोबाइल को मुंबई पुलिस अपने साथ ले गयी। दो दिन पहले ही मुंबई पुलिस ने 53 लाख रुपये के आइफोन चोरी मामले में घोड़ासहन से एक शातिर को गिरफ्तार किया था।

## मोतिहारी में यूपी पुलिस का फर्जी इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** पुलिस ने यूपी पुलिस के एक फर्जी इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक नकली पिस्टल, यूपी पुलिस की वर्दी और दो मोबाइल बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह यूपी के गाजीपुर जिला के भावरपुर थाना क्षेत्र के काशीनाथ यादव का बेटा अखिलेश यादव (26) है।उक्त फर्जी इंस्पेक्टर को गोविंदगंज थाना क्षेत्र के मननपुर गांव से गिरफ्तार किया गया है। अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि यूपी पुलिस का वर्दी पहने एक व्यक्ति गांव के लोगों पर अपने वर्दी का रौब दिखा रहा है। जहां से यूपी पुलिस के फर्जी इंस्पेक्टर अखिलेश यादव को नकली पिस्टल, नकली गोली, वर्दी और दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया।

## सिंजन नृत्यालय की 28वीं वर्षगांठ समारोह



एजेंसी

**कोलकाता।** ओडिशा का नृत्य और संगीत अद्वितीय है, खासकर ओडिशा के नृत्य और अभिनय ने दुनिया भर के लोगों को चकित कर दिया है। प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और एंडोस्कोपिस्ट चिकित्सक और सामाजिक कार्यकर्ता सब्यसाची पटनायक ने कहा, विदेशी लोग ओडिसी नृत्य सीखने के लिए भारत आते हैं। मधुसूदन मंच पर सिंजन नृत्यालय की 28वीं वर्षगांठ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए, उन्होंने कोलकाता में प्रसिद्ध ओडिशी गुरुमा तथा गबेशिका अलोका कानूनगो के प्रयासों की सराहना की। अध्यक्षता सिंजन अध्यक्ष महुआ धर ने की। गुरुमा अलोका कानूनगो ने स्वागत भाषण दिया। इस दिन गुरु शक्तिपद माइती को रत्नलोक से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा 50,000 रुपये, उत्तरी, फलक, प्रमाण पत्र दिये गये। सिंजन के छात्रों द्वारा ललिता विद्यापति का प्रदर्शन प्रभावशाली था। विश्व बसु शबर राजा- सुमन मंडल, विद्यापति- सुमनजीत चक्रवर्ती, ललिता-तिथि दास, पुरी राजा-संदीप गोप, माहारी-श्राबणी सेन, पटवारी, निवेदिता दत्ता, पॉलमी चक्रवर्ती, स्वरलीपी रॉय, शबर कन्या - जयिता गांगुली, जयिता शाह, मनीषा परुआ, अंबेशा दत्त, सृजिता भट्टाचार्य, समद्रिता बसु, शिउली महापात्रा, तुलिप ने चंडालिका नृत्य प्रस्तुत किये थे।

**कोलकाता** › क्रूज के लिए बारटेंडिंग और क्रुपियर पर चौथा पाठ्यक्रम शुरू किया

# भारत के पहले क्रूज सेवा कौशल विकास संस्थान को निर्देशित करती है

संवाददाता

**कोलकाता।** क्रूज पर्यटन के लिए भारत सरकार की राष्ट्रीय रणनीति क्रूज पर्यटन के लिए कौशल-आधारित संस्थानों के विकास को निर्देशित करती है। इस संदर्भ में, भारत के पहले क्रूज सेवा कॉम्पैक्ट कौशल विकास संस्थान, टीसीएमटी मरीन सर्विसेज एलएलपी (टीएमएस) ने क्रूज शिप नौकरियों के लिए हाउसकीपिंग, पाककला और खाद्य और पेय पर तीन पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक चलाने के बाद अपने परिसर में बारटेंडिंग और क्रुपियर पर चौथा पाठ्यक्रम शुरू किया है। आज पाठ्यक्रम का शुभारंभ एच एंड एफएस के मिक्सोलॉजिस्ट और राष्ट्रीय और



अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बार सलाहकार इरफान अहमद, 'दादा बारटेंडर', राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार द्वारा सोशल मीडिया में सर्वश्रेष्ठ नवाचार के विजेता संजय घोष, भारत के सर्वश्रेष्ठ के पैनल जूरी सदस्य द्वारा किया गया। बार एंड बारटेंडिंग चैंपियनशिप, भारत के विजेता तन्मय रॉय हैं, जो शराब और स्पिरिट के लिए विश्व प्रसिद्ध व्यक्तित्व हैं। बारटेंडिंग जगत की तीन प्रसिद्ध और लोकप्रिय हस्तियां भी अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षकों के साथ शुरू किए गए पाठ्यक्रम के लिए टीएमएस एलएलपी में प्रशिक्षक बनने के लिए सहमत हुईं। टीएमएस एलएलपी ने 10 जुलाई 2024 को तीन पाठ्यक्रमों के साथ क्रूज सेवाओं के लिए अपना पहला बैच लॉन्च किया: हाउसकीपिंग, पाककला और खाद्य और पेय। पाठ्यक्रमों के सफल समापन के बाद, सिंगापुर क्रूज सर्विसेज कंपनी यूनिवर्सल शिप मैनेजमेंट पीईटी। लिमिटेड (6, न्यू इंडस्ट्रियल रोड, 0704 न्यू सेंचुरी, सिंगापुर-536199) ने टीएमएस के पहले बैच के बीस छात्रों के प्लेसमेंट की पुष्टि की है। सितंबर में, उन्होंने पुष्टि की कि वे शारीरिक भर्ती के लिए परिसर का दौरा करेंगे। पहले बैच की सफलता के साथ, टीएमएस ने 26 जुलाई, 2024 को कॉलेजों और स्कूलों के लिए कॉकटेल और मॉकटेल मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से पिलोन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के साथ बारटेंडिंग और क्रुपियर पर चौथा कोर्स शुरू करने का फैसला किया है। इस अवसर पर, सेलिब्रिटी मिक्सोलॉजिस्ट बार कंसल्टेंट इरफान अहमद ने कहा, टीएमएस में बारटेंडर और क्रुपियर कोर्स न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर क्रूज सेवाओं में एक मील का पत्थर है और क्रूज पर्यटन के लिए सही कौशल विकसित करने मंन मदद करेगा। संजय घोष ने कहा, क्रूज के लिए बारटेंडिंग और क्रुपियर कोर्स के लिए टीएमएस एलएलपी के पहले बैच को प्रशिक्षित करना एक सम्मान की बात होगी क्योंकि यह क्रूज उद्योग के लिए एक अकुशल पेशेवर की कमी को पूरा करेगा। टीएमएस.एल एल पाठ्यक्रम भारत और विश्व स्तर पर क्रूज पर्यटन के लिए पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मदद करेंगे, प्रिंसिपल नुतिरा खुनचीराग ने कहा। इस अवसर पर बोलते हुए, पायलॉन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की वाइस चेयरपर्सन, मुनमुन साहा ने कहा, पाइलोन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस न केवल भारत में बल्कि अपने पड़ोसी देशों में भी समाज के लिए कौशल आधारित शिक्षा के माध्यम से समाज के लाभ और विकास के लिए काम कर रहा है। भारत सरकार ने भारत में क्रूज पर्यटन के लिए और क्रूज पर्यटन को सस्ता और सुविधाजनक बनाने और भारत और विश्व स्तर पर इसके पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समझौतों के लिए अपनी राष्ट्रीय रणनीति का मसौदा तैयार किया।

## खनन माफिया ने गश्ती दल पर किया धक्का-मुक्की, 4 लोगों पर मामला दर्ज

एजेंसी

**किशनगंज।** जिले में अवैध खनन एवं भंडारण और परिवहन करने वालों पर खनन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। किशनगंज प्रखंड के गाछपारा में अवैध खनन करने वालों पर खनन विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए गाछपारा के कमारमुनी बांध के समीप अवैध खनन कर भाग रहे बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर चार लोगों के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है। ट्रैक्टर को थाना लाने के दौरान पीपला चौक के समीप ट्रैक्टर मालिक व पल्सर बाइक जिसका निबंधन सं. डब्लू बी 62 जी 3385 है पर सवार तीन व्यक्तियों द्वारा भीड़ जमा कर गश्ती दल का विरोध किया गया व धक्का मुक्की कर ट्रैक्टर को भगा ले जाने की कोशिश की गयी। हालांकि पुलिस गश्ती दल की सूझ बूझ से तीनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों एवं स्थानीय लोगों से पूछ-ताछ में पता चला कि शाकिर हक, हाकिम हक, गणेश मुर्मू व मन्नारुल हक गाछपाड़ा द्वारा बालू का खनन कर बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। उक्त ट्रैक्टर को थाना ले जाने के क्रम में पीपला चौंक के समीप ट्रैक्टर मालिक एवं पल्सर बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों द्वारा भीड़ जमा कर गश्ती दल का विरोध किया जाने लगा। धक्का-मुक्की कर ट्रैक्टर को भगा ले जाने की कोशिश की गई। वर्तमान समय में सभी प्रकार का खनन प्रतिबंधित है। खनन विभाग के पदाधिकारियों ने सदर थाना में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराई।



# स्टेनोग्राफर एक अच्छा कॅरियर विकल्प

जिन युवाओं की इच्छा सरकारी नौकरी करने की है। उनके लिए स्टेनोग्राफी एक अच्छा करियर विकल्प हो सकता है। यह 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद स्टेनोग्राफी करियर का एक अच्छा क्षेत्र है। स्टेनोग्राफर के पद का वेतनमान आकर्षक होता है। यह कम खर्चीला भी होता है। स्टेनोग्राफर पर कार्यालय या संस्था के गोपनीय रिकॉर्डों को संभालने का दायित्व रहता है। स्टेनोग्राफर अपने अधिकारी के प्रति विश्वनीय पद है। इस पद पर काम करना एक गरिमापूर्ण व चुनौतीपूर्ण है। अच्छी खासी तनख्वाह ऊपर से सरकारी नौकरी का रौब अलग। यही बातें हैं जो युवाओं को स्टेनोग्राफी की तरफ आकर्षित करती हैं, लेकिन इसमें कड़ी मेहनत की आवश्कता होती है।

स्टेनोग्राफी आशय होता है संक्षिप्त लेखन जिसे अंग्रेजी में शॉर्टहैंड कहा जाता है एक प्रकार की लेखन विधि होती है। हमारे देश में स्टेनोग्राफर के पद अदालतों, शासकीय कार्यालयों, मंत्रालयों, रेलवे विभागों में होते हैं। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के लिए कड़े परिश्रम की आवशकता होती है, क्योंकि इस भाषा में शब्द गति होना आवश्यक है। एक कुशल स्टेनोग्राफर बनने के लिए उस विषय की भाषा का व्याकरण का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। स्टेनोग्राफर बनने के लिए 100 शब्द प्रति मिनट की गति उत्तीर्ण करना आवश्यक होता है। देश में विभिन्न संस्थाएं स्टेनोग्राफर के कोर्स करवाए जाते हैं। देश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में भी स्टेनोग्राफर का एक वर्षीय कोर्स करवाया जाता है। इन संस्थानों में 100 शब्द प्रति मिनट की गति से परीक्षाएं भी ली जाती हैं। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद आप स्टेनोग्राफर बन सकते हैं। सरकारी विभागों द्वारा विज्ञापनों में स्टेनोग्राफर की भर्तियां निकाली जाती हैं।

## महत्वपूर्ण पद

हर सरकारी दफ्तर में स्टेनोग्राफर के कई पद होते हैं। स्टेनोग्राफर गरिमापूर्ण पद होता है क्योंकि उसकी नियुक्ति विभागाध्यक्ष के निजी सहायक के रूप में होती है। वह कार्यालय के गोपनीय कार्य सम्भालना, डिक्टेशन कार्य और पीठासीन अधिकारी के प्रति विश्वसनीयता कायम रखने की जिम्मेदारी संभालता है। स्टेनोग्राफर पद का वेतनमान भी आकर्षक है। यह द्वितीय श्रेणी का पद है। कुशल और तीव्र गति की स्टेनोग्राफी के माध्यम से सीधे ही राजपत्रित अधिकारी का पद भी प्राप्त किया जा सकता है जिससे संसद व विधानसभा में संसदीय रिपोर्टर के पद नियुक्ति प्राप्त की जा सकती है। यह बहुत आकर्षक पद होता है।

## जरूरी योग्यता

स्टेनोग्राफर पद के लिए उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण होना तथा हिन्दी अथवा अंग्रेजी आशुलिपि में न्यूनतम 80 शब्द प्रति मिनट की गति होना आवश्यक है। इस पद के लिए न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 27 वर्ष तक की आयु निर्धारित है, कुछ विभागों में अधिकतम आयु 35 वर्ष तक निर्धारित है।

## भर्ती

स्टेनोग्राफर पद की भर्ती संसद, विधानसभाओं, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों, कर्मचारी चयन आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, रेल्वे भर्ती बोर्ड, अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड तथा अन्य राजकीय उपक्रमों के माध्यम से की जाती है। इनके द्वारा चयनित अभ्यर्थियों का पदस्थापन केंद्रीय सचिवालय, शासन सचिवालय, संसद, विधानसभाओं आदि सरकारी कार्यालयों में राजकीय कर्मचारी के रूप में किया जाता है। पॉलिटेक्निक कॉलेजों में आधुनिक कार्यालय प्रबंधन या मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट एमओएम के रूप में कोर्स करवाए जाते हैं। इसमें आशुलिपि के अलावा कम्प्यूटर, टंकण एवं लेखा से संबंधित कोर्स भी सम्मिलित है। राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में भी एक वर्षीय कोर्स करवाया जाता है।



# अवसरों की भरमार है बैंकिंग क्षेत्र में

**देश में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार देने वाले सेक्टर के रूप में बैंकिंग इंडस्ट्री का महत्वपूर्ण स्थान है। देश के दूरदराज के इलाकों में बैंकों की नई शाखाएं खुलने तथा प्रति वर्ष लगभग 40-50 हजार बैंक कर्मियों के रिटायर होने अथवा स्वैच्छिक सेवा अवकाश लेने के कारण इस क्षेत्र में नियुक्तियां करने की प्रक्रिया निरन्तर चलती रहती है। युवाओं में आज भी बैंकिंग जॉब्स का आकर्षण बना हुआ है। यह इस बात से सिद्ध हो जाता है कि प्रति वर्ष लाखों नहीं बल्कि करोड़ों की संख्या में युवा बैंकिंग चयन परीक्षाओं में शामिल होते हैं। इन्हीं प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से बैंकों में क्लर्क और अधिकारी वर्ग की रिक्तियों को भरा जाता है।**

## वर्तमान बैंकिंग परिदृश्य

देश की विशाल आबादी की ही तरह भारतीय बैंकिंग क्षेत्र भी व्यापक है। इसका नेटवर्क देश के लगभग साढ़े पांच लाख गाँवों को अपनी परिधि में किसी न किसी रूप में अवश्य लिए हुए है। इस विस्तृत बैंकिंग ढांचे के अंतर्गत 27 पब्लिक सेक्टर बैंक, 22 प्राइवेट बैंक, 44 विदेशी बैंक, 56 रीजनल रूरल बैंक, 1589 शहरी को-ऑपरेटिव बैंक, 93550 ग्रामीण को-ऑपरेटिव बैंक शामिल हैं।

## बैंकिंग क्षेत्र के लिए व्यक्तिगत गुण

ऑफिस जॉब और जीवन में स्थिरता चाहने वाले युवाओं के लिए बैंकिंग सेक्टर एक बेहतर और उपयुक्त करिअर ऑप्शन माना जा सकता है। इस क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कारूरी है कि युवा में मैथ्स के साथ एकाउंटिंग में रुचि हो। पब्लिक डीलिंग का प्रावधान होने की वजह से धैर्यवान और गुस्से से कोसों दूर रहने जैसे गुण भी काफी उपयोगी कहे जा सकते हैं।

## बैंकिंग चयन परीक्षाएं

इंस्टिट्यूट ऑफ़ बैंकिंग पर्सनल सलेक्शन (आई बी पी एस) द्वारा देश भर के बैंकों की रिक्तियों को भरने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इन परीक्षाओं के लिए आवेदन से लेकर परीक्षा के पैटर्न आदि के बारे में आई बी पी एस की वेबसाईट से अधिकृत जानकारी हासिल की जा सकती है। इस संस्थान द्वारा आयोजित बैंकिंग परीक्षाओं में 2016-17 के दौरान लगभग 1.51 करोड़ प्रत्याशियों ने अखिल भारतीय स्तर पर रजिस्ट्रेशन कराया था। इस तथ्य से इसकी क्षमता का सहज ही अंदाका हो जाता है। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया और इससे सम्बद्ध बैंकों की रिक्तियों को भरने के लिए एस बी आई द्वारा स्वयं चयन प्रक्रिया का संचालन किया जाता है।

## बैंकिंग परीक्षाओं के पैटर्न

क्लर्क और प्रोबेशनरी ऑफिसर के पदों की रिक्तियों को भरने के लिए बुनियादी तौर पर दो तरह के बैंकिंग एग्जाम्स का आयोजन किया जाता है। क्लेरिकल पदों के एग्जाम में इंग्लिश लैंग्वेज, न्यूमेरिकल एबिलिटी, रीजनिंग, कम्प्यूटर एप्टीट्यूड, बैंकिंग/फाइनेंस इत्यादि पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं। प्रोबेशनरी ऑफिसर की रिक्तियों को भरने के लिए आयोजित परीक्षा में तीन स्तर पर चयन प्रक्रिया का आयोजन किया जाता है। इनमें प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू शामिल हैं। दोनों ही पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता ग्रेजुएशन ही है।

## जॉब्स के प्रकार

प्रोबेशनरी ऑफिसर (पी ओ) पर बैंक शाखा के प्रबंधन से लेकर अन्य प्रकार के समन्वयन संबंधित कार्यों का जिम्मा होता है और क्लर्क कैडर के कर्मियों द्वारा पब्लिक डीलिंग का काम मुस्तैदी से संभाला जाता है। मात्र तीन -चार वर्षों के बाद ही ये कर्मी भी पी ओ वर्ग की श्रेणी में प्रोन्नति पाकर पहुँच जाते हैं। इसके अतिरिक्त बैंकिंग इंडस्ट्री में विभागीय परीक्षाओं का समय-समय पर आयोजन किया जाता है। इन परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर समय से पूर्व प्रमोशन भी लिया जा सकता है।

## बैंकिंग स्पेशियलिस्ट ऑफिसर

बैंकिंग सेक्टर में बहुसंख्यक कर्मी पी ओ और क्लेरिकल वर्ग के ही होते हैं,परन्तु इनके अलावा खास विधाओं में ट्रेंड कर्मियों की भी सभी बैंकों द्वारा नियुक्तियां की जाती हैं। इनमें इन्फोर्मेशन टेक्नोलोजी ऑफिसर(आई टी डिग्रीधारक) , एग्रीकल्चरल फील्ड ऑफिसर(एग्रीकल्चर साइंस में ग्रेजुएट), ह्युमन रिसोर्स ऑफिसर (ह्युमन रिसोर्स में एम बी ए/पर्सोनल मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा), लॉ ऑफिसर(एल एल बी डिग्रीधारक), मार्केटिंग ऑफिसर (मार्केटिंग की विधा में ट्रेंड), राजभाषा अधिकारी आदि का खास तौर पर उल्लेख किया जा सकता है। इनके पदनामों से ही इनके कार्यकलापों के महत्त्व को समझा जा सकता है।

## सैलरी

बैंकिंग इंडस्ट्री की सैलरी और इनके भत्तों को एक समय में काफी आकर्षक माना जाता था लेकिन वेतनमानों में मुद्रास्फीति की बढ़ती दरों के अनुसार संशोधन नहीं होने के कारण अब इनका आकर्षण कुछ कम हुआ है। बैंक कर्मी लगातार इस दिशा में संघर्षरत हैं और उम्मीद की जाती है कि निकट भविष्य में बैंकिंग इंडस्ट्री के वेतनमानों को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाये जा सकते हैं। इसके बावजूद करिअर निर्माण और स्थाई जॉब की दृष्टि से यह क्षेत्र अभी भी युवाओं की प्राथमिकताओं में काफी ऊपर है।







# स्टार्टअप नहीं बड़ी कंपनियों को तरजीह दे रहे हैं युवा

**मौजूदा आर्थिक अनिश्चितताओं और भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम के सामने आने वाली हालिया चुनौतियों के साथ, नौकरी चाहने वाले अब स्टार्टअप्स के बजाय बड़ी कंपनियों को तरजीह दे रहे हैं.**

नौकरी और पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के एक सर्वेक्षण के मुताबिक 73 प्रतिशत नौकरी चाहने वाले संगठन के साथ काम करने और करियर में आगे बढ़ने के लिए स्थिर और स्थापित कंपनियों को पसंद करते हैं. मंगलवार को जारी नई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है. इस रिपोर्ट के मुताबिक केवल 27 प्रतिशत कर्मचारी अभी भी करियर के विकास के लिए स्टार्टअप पर स्विच करने पर विचार करेंगे. अपना डॉट को के संस्थापक और सीईओ निरमित पारिख ने कहा, नौकरी चाहने वालों की बदलती प्राथमिकताओं के साथ भारत का नौकरी बाजार तेजी से विकसित हो रहा है. ऐसे में नौकरी चाहने वाले अब बेहतर करियर की संभावनाओं के लिए स्थिर और स्थापित कंपनियों की ओर अधिक झुकाव रखते हैं.

## 10 हजार नौकरी चाहने वालों से पूछे गए सवाल

रिपोर्ट तैयार करने के लिए में 10,000 से अधिक नौकरी चाहने वालों और 1,000 मानव संसाधन भर्तीकर्ताओं के बयानों को शामिल किया गया है.

इसके मुताबिक नियोक्ता एक कौशल-प्रथम दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रहे हैं. रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि नौकरी चाहने वाले नौकरी की तलाश करते समय, स्थान, आने जाने और वर्क लाइफ बैलेंस और कंपनी की संस्कृति के साथ-साथ वेतन के साथ-साथ करियर के विकास के अवसरों को प्राथमिकता देते हैं. लगभग 73 प्रतिशत भारतीय अपनी नौकरी की खोज में करियर के विकास को प्राथमिक कारक मानते हैं. यहां तक कि वर्क लाइफ बैलेंस और लचीले काम के घंटों के महत्व को भी पार कर जाते हैं. 10 में से लगभग 9 नियोक्ताओं ने कुशल पेशेवरों के महत्व को भर्ती के लिए एक प्रमुख मानदंड के रूप में पहचाना है, हालांकि 10 में से केवल 6 नियोक्ताओं ने अपने संगठनों में अपस्किलिंग कार्यक्रमों को लागू किया है. इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि नियोक्ता अब तकनीकी कौशल वाले उम्मीदवारों की तलाश कर रहे हैं, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में भूमिकाओं के लिए. लगभग 65 प्रतिशत पेशेवर नौकरी के साक्षात्कार में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल को एक प्रतिष्ठित संस्थान से डिग्री के रूप में महत्वपूर्ण मानते हैं.

## स्टार्टअप्स में नौकरी जाने का डर

रिपोर्ट के मुताबिक महिलाएं प्रासंगिक कौशल पर अधिक जोर देती हैं, 77 प्रतिशत महिला उत्तरदाताओं ने 51 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में इसके महत्व का संकेत दिया है. नौकरी के लिए बड़ी कंपनियों को चुनना इस बात की ओर भी इशारा करता है कि लोग छंटनी से बचना चाहते हैं क्योंकि हाल के दिनों में स्टार्टअप्स में छंटनी तेजी से बढ़ी है. स्टार्टअप कवरेज पोर्टलने पिछले महीने एक रिपोर्ट जारी की थी. उसके मुताबिक देश में अब तक 84 स्टार्टअप द्वारा 24,256 कर्मचारियों की छंटनी की जा चुकी है. कर्मचारियों को बर्खास्त करने वाले स्टार्टअप्स की सूची देश में बढ़ती ही जा रही है.



# कब लें कॅरियर काउंसलर की सलाह

अक्सर हम करियर काउंसलिंग का समय पहचानने में देरी कर देते हैं। जब बच्चे आगे की राह चुनने की दहलीज पर होते हैं। इसे आप हाई स्कूल (सेकेंडरी) ही मानिए, क्योंकि इसके बाद ही स्टूडेंट्स के लिए स्ट्रीम चेंज करने का समय होता है और यही वह समय है, जब उन्हें प्रॉपर गाइडेंस की जरूरत होती है। पैरेंट्स को इसी फेज में बच्चों को करियर संबंधी गाइडेंस प्रोवाइड करवानी चाहिए। इससे उसे सही सब्जेक्ट चुनने में मदद मिलती है, बल्कि वह यह भी जान पाता है कि किन विषयों में वाकई उसका रूझान है। प्रोफेशनल काउंसलर मनोवैज्ञानिक तरीके से छात्र से बातचीत करते हैं और मनोवैज्ञानिक या साइकोमेट्रिक टेस्ट के आधार पर स्टूडेंट के टैलेंट को समझते हैं। अक्सर हम करियर काउंसलिंग का समय पहचानने में देरी कर देते हैं।

दरअसल, करियर काउंसलिंग का सही समय वह है, अगर 11वीं में सही सब्जेक्ट का चुनाव न किया, तो पूरा करियर ही यू-टर्न ले सकता है। पैरेंट्स को बच्चे की पढ़ाई पर ध्यान तो देना ही चाहिए, जरूरत उन्हें यह समझने की भी है कि बच्चे की रुचि किन सब्जेक्ट्स में है और वह उनमें कैसा कर रहा है!

यह भी देखना चाहिए कि किन विषयों को पढ़ने में बच्चे का मन नहीं लगता। इसके बाद अभिभावक करियर के चुनाव में बच्चे की मदद कर सकते हैं। लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में पैरेंट्स बच्चों के लिए कितना वक्त निकाल पाते हैं, यह सबको मालूम है। बच्चे का रिजल्ट भले पैरेंट्स को पता हो, लेकिन वे अक्सर उसकी पसंद को समझने में चूक जाते हैं। सिर्फ किसी सब्जेक्ट में अच्छे नंबर लाना उस सब्जेक्ट में बच्चे के आगे बेहतर करने की गारंटी नहीं है।पैरेंट्स के लिए इस बात को समझना जरूरी है।

इंजीनियरिंग-मेडिकल जैसे क्षेत्रों के प्रति क्रेज का ही यह नतीजा है कि मन मुताबिक पढ़ाई न कर पाने की वजह से बच्चे तनाव में घिर रहे हैं। यहीं पर बच्चों यानी स्टूडेंट्स को काउंसलिंग की जरूरत होती है, ताकि उनके पैरेंट्स उनकी प्रतिभा को पहचान सकें और उसे अपनी पसंद के रास्ते पर बढने की इजाजत दे सकें। यह कतई जरूरी नहीं है कि साइंस में 90 या 100 फीसदी अंक लाने वाला छात्र साइंस स्ट्रीम ही पसंद करे। आज मैनेजमेंट में कई नए सब्जेक्ट आ गए हैं। हो सकता है उसकी रुचि गणित में न हो, क्योंकि 10वीं के बाद पढ़ाई का लेवल अचानक हाई हो जाता है और अगर स्टूडेंट की रुचि उसमें न हो, तो उसका प्रदर्शन प्रभावित होने लगता है। काउंसलिंग में इन्हीं बातों को पैरेंट्स को समझाने की कोशिश की जाती है। नए क्षेत्रों की जानकारी काउंसलिंग का एक सबसे बड़ा फायदा यह भी है कि काउंसलर आपको वैसे सब्जेक्ट या उभरते क्षेत्रों के बारे में भी बताते हैं, जिनसे आप अनजान होते हैं। काउंसलर आपको मार्केट ट्रेंड (देश-विदेश) के बारे में बताते हैं और इन सबसे ऊपर आपको अच्छा इंस्टीट्यूट चुनने में मदद करते हैं। सब्जेक्ट पसंद का होने से आप अपनी पसंद की राह पर बढ़ तो सकते हैं, लेकिन इस गलाकाट प्रतियोगिता के जमाने में अच्छे इंस्टीट्यूट का चुनाव करके ही आप दूसरों पर बढ़त ले सकते हैं। आज मैनेजमेंट में कई नए सब्जेक्ट आ गए हैं। इसी तरह लॉ का क्षेत्र बढ़ गया है। फैशन टेक्नोलॉजी का बुखार और खुमार तो है ही, खेल के क्षेत्र में हो रहे सुधार और कमाई से इस क्षेत्र में क्रिकेट के अलावा नए ऑप्शन पर भी उभरे हैं। एक काउंसलर की सलाह यहीं कारगर होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तान में शिया और सुन्नी जंग में अब तक 43 लोगों की मौत



**खैबर पख्तूनख्वा।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी कुर्रम आदिवासी जिले में एक भूमि विवाद में सुन्नी और शिया जनजातियों के बीच जारी खूनी संघर्ष में अबतक 43 लोग मारे जा चुके हैं और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय जनजातीय जिरगा की सहायता और समर्थन से युद्धरत जनजातियों ने सोमवार को अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। अस्थिर पहाड़ी कुर्रम क्षेत्र में पिछले कई दशकों में जनजातियों और धार्मिक समूहों के बीच सांप्रदायिक झड़पें और आतंकवादी हमले हुए हैं। सरकार के गृह और आदिवासी मामलों के विभाग के अनुसार, वर्तमान में कुर्रम में आठ बड़े संघर्ष देखने को मिले। पिछले सप्ताह शिया और सुन्नी के दो परिवारों के बीच एक संपत्ति के स्वामित्व को लेकर खूनी लड़ाई शुरू हुई थी। यह दुश्मनी तेजी से कई गांवों और बस्तियों में फैल गई जिसके बाद पूरे जिले में हिंसा होने लगी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में 34 शिया जनजाति के और आठ सुन्नी जनजाति से थे।

### हिमाचल को मांग से अधिक हुई यूरिया की आपूर्ति : केंद्रीय मंत्री



**धर्मशाला।** केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि चालू खरीफ मौसम के दौरान हिमाचल प्रदेश को मांग से अधिक यूरिया खाद की आपूर्ति की गई है। केंद्रीय मंत्री ने यह जानकारी सांसद इंदु बाला गोस्वामी द्वारा पूछे गए एक सवाल के जबाव में राज्य सभा दी। उन्होंने बताया कि चालू खरीफ मौसम के दौरान हिमाचल प्रदेश में यूरिया खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई 2024 तक हिमाचल प्रदेश की 23064.51 मीट्रिक टन यूरिया की मांग के अनुरूप राज्य को 23620.00 मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति की गई। चालू खरीफ मौसम 2024 के दौरान इफको द्वारा हिमाचल प्रदेश को 11120.00 मीट्रिक टन यूरिया, 315.00 मीट्रिक टन डीएपी और 4988.00 मीट्रिक टन एनकेपीएस उर्वरकों की आपूर्ति की गई।

### शॉर्ट सर्किट से बैंक में लगी आग

**हरिद्वार।** लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर स्थित पीएनबी शाखा में बुधवार सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के कारण बैंक परिसर में धुआं ही धुआं हो गया। बैंक कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्विशर (अग्नीरोधक) की मदद से आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि बैंक में कोई हानि नहीं हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बैंक कर्मचारियों से जानकारी ली। ब्रांच मैनेजर तरुण कुमार ने बताया कि जब सुबह 9.30 बजे सिक्योरिटी गार्ड ने बैंक का गेट खोला और सफाई कर्मचारी ने अंदर पहुंचकर जैसे लाइट, पंखे, एसी के स्विचों को ऑन किया तभी एसी वाली लाइन शॉर्ट सर्किट हो गयी और तारों में आग लग गई। तभी सफाई कर्मचारी व गार्ड ने बैंक में लगे फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पाया। आग से कोई जन हानि नहीं हुई है।

### अंबाला में संदिग्ध परिस्थितियों में दो सगी बहनों की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**चंडीगढ़।** हरियाणा के अंबाला में शहर में बुधवार सुबह घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में दो सगी बहनों की मौत होने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना की जानकारी मिलने पर एएसपी सृष्टि गुप्ता ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, आज सुबह सूचना मिली थी कि शहर की वाल्मीकि बस्ती में रहने वाली दो बच्चियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। इनकी पहचान योगिता (11) और अनामिका (6) दोनों पुत्री सोनू के रूप में हुई।

### नशीली गोलियों सहित रतिया से युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने नशे के लिए प्रयोग होने वाली दवाओं सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुजीत सिंह पुत्र सूरजभान निवासी नाहरका मोहल्ला, रतिया के रूप में हुई है। बुधवार को इस बारे में जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल की टीम एएसआई मेजर सिंह के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान लाली मोड, रतिया पर मौजूद थी।

### नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

**फतेहाबाद।** नशे ने फतेहाबाद में नशे की ओवर डोज ने एक युवक की जान ले ली। बुधवार को युवक का शव फतेहाबाद के रतिया रोड से बरामद हुआ है। इस बारे में सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को दिए ब्यान में गांव बड़ोपल निवासी रामकुमार ने कहा है कि उसका लड़का 24 वर्षीय दीपक ट्रक पर परिचालक का काम करता था।

# सभी अधिकारी आंगनबाड़ी केंद्रों में सुधार के लिए प्रयास करें : आनंदीबेन

- आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों को बेहतर प्री स्कूल शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है



**बाराबंकी। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य के भारत को स्वस्थ बनाने का सपना देखा है। इसकी शुरूआत आंगनबाड़ी से ही होती है। सभी अधिकारी पूरी तत्परता से आंगनबाड़ी केंद्रों में सुधार के लिए प्रयास करें। बुधवार को हिंद मेडिकल इंस्टिट्यूट में जिला प्रशासन और आईसीआईसीआई फाउंडेशन की ओर से आयोजित 223 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए प्री स्कूल किट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ पोषण देने के लिए हर केंद्र पर हॉट कुक्ड फूड परोसा जाए। आज संस्थागत प्रसव बढ़कर 90 प्रतिशत तक हो गया, इसका पूरा श्रेय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जाता है। कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए नियमित देखभाल की जाए। इससे बच्चों में सृजनता आयेगी।

राज्यपाल ने आगे कहा कि आईसीआईसीआई बैंक की ओर से 500 प्री स्कूल किट उपलब्ध कराई गई थी। इस पर कई जिलों से कायाकल्प वाले आंगनबाड़ी केंद्रों के बारे में जानकारी ली गई लेकिन बाराबंकी के अलावा किसी भी जनपद में इतनी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प नहीं कराया गया था। इसलिए बाराबंकी को किट वितरण के लिए चुना गया।

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता संवर्धन के लिए कराई गई परीक्षा अच्छा कदम है। जो कार्यकत्रियां सफल न हो पाए, उनको प्रशिक्षण दिया जाए। राज्यपाल ने कहा कि देश के भविष्य को स्वस्थ रखकर ही सशक्त और समृद्ध बनाया जा सकता है। इसलिये सभी अधिकारी पूरी तत्परता से आंगनबाड़ी केंद्रों में सुधार के लिए प्रयास करें। बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ पोषण देने के लिए हर केंद्र पर हॉट कुक्ड फूड परोसा जाए। आज संस्थागत प्रसव बढ़कर 90 प्रतिशत तक हो गया, इसका पूरा श्रेय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जाता है। कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए नियमित देखभाल की जाए। इससे बच्चों में सृजनता आयेगी।

वहीं कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों को बेहतर प्री स्कूल शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी की सेवाएं प्राप्त कर दिये गये पोषण परामर्श को आत्मसात कर सैम से सुपोषित हुऐ पांच बच्चों के अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

## कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा से भाजपा घबराई हुई है : सूर्यकांत

**देहरादून। एजेंसी**



कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा से भाजपा घबराई हुई है। इसी का असर है कि सरकार के मंत्री गलत बयानबाजी कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा के नेतृत्व में चल रही केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा को जिस प्रकार का जन समर्थन मिल रहा है और पूरी पार्टी का राज्य नेतृत्व लामबंद हो कर यात्रा में शामिल हुआ है, उससे भाजपा में घबराहट और बेचैनी बड़ गई है। धस्माना ने प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सतपाल महाराज पर निशाना साधते हुए कहा कि सबसे ताजा और चकित करने वाला बयान प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री सतपाल महाराज का है जिन्होंने कहा कि उन्होंने केदारनाथ धाम मंदिर में सोने की चोरी के प्रकरण की जांच रिपोर्ट मंगवा ली है और उसका अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सतपाल महाराज ने यह भी कहा कि जिसने सोना दान किया है उसने कोई शिकायत नहीं की है कांग्रेस राजनीति करने के लिए शोर मचा रही है। धस्माना ने कहा कि बकौल सतपाल महाराज अगर कोई जांच हुई तो उसकी रिपोर्ट सरकार दबा कर क्यों बैठी है? धस्माना ने कहा कि असलियत यह है कि इस पूरे प्रकरण में गड़बड़ हुई है।

# कमला हैरिस से सीधे बहस करने से बचते नजर आ रहे डोनाल्ड ट्रंप

**न्यूयॉर्क। एजेंसी**




अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की आधिकारिक उम्मीदवार होने के बाद रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार व पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी प्रतिद्वंदी हैरिस के साथ बहस करने की अपनी पूर्व प्रतिबद्धता से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने इस संभावित बहस के महत्व पर सवाल उठाया है और कहा है कि वह संभवतः बहस करेंगे, लेकिन वह ऐसा न करने का भी तर्क दे सकते हैं। ट्रंप के इस बयान पर हैरिस की टीम ने पलटवार करते हुए कहा कि वह डरे हुए हैं। फॉक्स न्यूज चैनल पर सोमवार रात को प्रसारित साक्षात्कार में ट्रंप से हैरिस के साथ बहस करने के बारे में कई बार सवाल पूछे जाने के बाद पहले की तुलना में अधिक नरमी से जवाब दे रहे थे। रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप तत्कालीन डेमोक्रेट उम्मीदवार जो बाइडन के साथ बहस करने के लिए तैयार थे। लेकिन बाइडन के दौड़ से बाहर होने और हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद ट्रंप ने बाइडन के साथ मूल बहस की शर्तों पर सवाल उठाए हैं, जिस पर उन्होंने सहमति जताई थी।

ट्रंप ने एबीसी न्यूज पर 10 सितंबर को प्रस्तावित बहस को किसी दूसरे नेटवर्क पर कराने का सुझाव दिया है। उन्होंने एबीसी को फर्जी खबर बताया है। पिछले हफ्ते पत्रकारों के साथ फोन पर बातचीत में ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह कम से कम एक बार हैरिस के साथ बहस करेंगे। उन्होंने जवाब दिया, हां, बिल्कुल। मैं ऐसा करना चाहूंगा, । ट्रंप ने कहा कि बहस करना एक बाध्यता है। ट्रंप से सोमवार के साक्षात्कार में बार-बार प्रोस्ताता लॉरा इंग्राहम द्वारा बहस को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं बहस करना चाहता हूं। लेकिन मैं यह भी कह सकता हूं। हर कोई जानता है कि मैं कौन हूं। और अब लोग जानते हैं कि वह कौन है। पूर्व राष्ट्रपति ने अंततः कहा, इसका उत्तर हां है, मैं संभवतः बहस करूंगा। उन्होंने एक मिनट तक कहा कि राज्यों में प्रारंभिक मतदान शुरू होने से पहले किसी भी बहस को आयोजित किया जाना चाहिए।

## जाति पूछकर अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी का अपमान किया है : खरगे

**नई दिल्ली। एजेंसी**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की जातिगत टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंगलवार को लोकसभा सत्र के दौरान अनुराग ठाकुर की जातिगत टिप्पणी पर बुधवार को मल्लिकार्जुन खरगे ने मीडिया से बातचीत में कहाकि जाति पूछकर अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी काअपमान किया है। उन्होंने कहा कि सदन में इस तरह से कभी ताना नहीं मारा गया था, अब तक संसद में ऐसा नहीं हुआ है। खरगे ने कहा कि संसद में किसी की जाति नहीं पूछी जा रही है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने जानबूझकर राहुल गांधी का अपमान करने के लिए ऐसा कहा। यह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने अंतरजातीय विवाह किए हैं। उन्हें खुद को आईने में देखना चाहिए और फिर बोलना चाहिए। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने 30 जुलाई को संसद में राहुल गांधी को घेरते हुए कहा था, "जिसकी जाति का पता नहीं, वो गणना की बात करता है।" अनुराग ने कहा, "ओबीसी, जनगणना की बात बहुत की जाती है। माननीय सभापति जी जिसकी जाति का पता नहीं, वो गणना की बात करता है।" अनुराग ठाकुर की इस टिप्पणी पर लोकसभा में काफी हंगामा हुआ और विपक्षी खेमे ने तीखी आपत्ति जताई।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**ऋषिकेश।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम ऋषिकेश द्वारा आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को नगर निगम परिसर में परम पर्वतीय रंगमंच सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति के कलाकारों द्वारा नाटक ₹सही सलाह₹ का भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम में मैती आंदोलन के जनक पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि स्वच्छता की आदत को अपने व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। माता-पिता एक संस्कार के तौर पर स्वच्छता को अपने बच्चों तक पहुंचाएं। उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण के भयावह परिणाम की ओर भी उपस्थित लोगों का ध्यान खींचा। नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों एवं मानदंडों के अनुसार विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

### बागमती नदी उफान पर, काठमांडू के कई इलाके जलमग्न

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश से बागमती नदी उफान पर है। इस वजह से त्रिपुरेश्वर, कालीमाटी, टेकु इलाके के अलावा बागमती कॉरिडोर के किनारे की बस्तियां जलमग्न हो गई हैं। जल एवं मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बागमती और उसकी सहायक नदियां हनुमंते, मनोहरा, धोबीखोला, बिष्णुमती, नख्खू, बल्खु का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। विभाग ने अनुरोध किया है कि बागमती कॉरिडोर के अलावा अन्य नदियों के आसपास न जाएं। उधर, धोबीखोला, बल्खु खोला, कागेश्वरी मनोहरा इलाके की गलियारे वाली सड़कों पर अब भी काफी पानी जमा है। नदी किनारे बने कॉरिडोर के जलमग्न होने के कारण यातायात प्रभावित है। इन सड़कों पर यातायात को फिलहाल पूरी तरह से रोक दिया गया है। काठमांडू में बाढ़ के कारण सत्तारूढ दल यूएमएल का केंद्रीय कार्यालय सहित शंखमूल पार्क, कालीमाटी सब्जी बाजार क्षेत्र सहित अन्य स्थान भी जलमग्न हो गए हैं।

# केरल को संभावित भूस्खलन के बारे में पहले ही चेतावनी दी गई थी : शाह

**नई दिल्ली। एजेंसी**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि केरल सरकार को घटना से एक सप्ताह पहले 23 जुलाई को ही संभावित भूस्खलन और मौतों के बारे में चेतावनी दी गई थी।

शून्यकाल और प्रश्नकाल के बाद, राज्यसभा ने वायनाड भूस्खलन पर सार्वजनिक महत्व के मामले के रूप में चर्चा करने के लिए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लिया। इस त्रासदी में 160 से अधिक लोगों की जान चली गई है।

गृह मंत्री ने दावा किया कि पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली केरल सरकार को वायनाड में भूस्खलन आने से एक सप्ताह पहले ही केंद्र द्वारा चेतावनी दी गई थी। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्य में भारी वर्षा की भविष्यवाणी के बाद केंद्र ने एनडीआरएफ की नौ टीमें केरल भेजी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने केरल के वायनाड में भूस्खलन की घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों और घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त की। घटना पर चर्चा के दौरान राजनीतिक टिप्पणियों और दोषारोपण पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि देश में कोई गलत संदेश न जाए, इसके लिए वह कुछ बातें स्पष्ट करना चाहते हैं। विपक्ष द्वारा केंद्र सरकार के अर्ली वर्निंग सिस्टम पर सवाल उठाने को लेकर अमित शाह ने कहा कि भारत सरकार ने 23 जुलाई को केरल सरकार को अर्ली वर्निंग दे दी थी। इसके बाद 24, 25 और फिर 26 जुलाई को कहा गया कि 20 सेमी से अधिक वर्षा होगी। भारी बारिश के साथ ही भूस्खलन की संभावना है। मिट्टी भी बह कर आ सकती है। लोग इसके अंदर दबकर मर भी सकते हैं।

शाह ने कहा कि केरल को जो अर्ली वार्निंग भेजी गई थी विपक्ष को उसे पढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में कई राज्य सरकारें ऐसी हैं जिन्होंने इस प्रकार की अर्ली वार्निंग का पालन करके जीरो कॅज्युलिटी आपदा प्रबंधन किया है।

## मुंशी प्रेमचंद ने अपने युग को अभय प्रदान किया: प्रो. नीरजा

**हरिद्वार। एजेंसी**



हिंदी साहित्य के महान लेखक और उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती के अवसर पर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा वर्तमान समय में प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता विषयक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में प्रो. नीरजा टंडन (कुमाऊं विवि), प्रो. अवधेश कुमार शुक्ल (महात्मा गांधी हिन्दी अंतरराष्ट्रीय विवि, वर्धा), प्रो. गुड्डी बिष्ट पंवार (एचएनबी गढ़वाल विवि), प्रो. राखी उपाध्याय (डीएवी कॉलेज, देहरादून) ने ऑनलाइन माध्यम से विशेष व्याख्यान प्रदान किए। प्रो. नीरजा टंडन ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने अपने युग को अभय प्रदान किया और स्थूल मनोरंजन से साहित्य को निकाल कर भारतीय लोक मानस के यथार्थ को अभिव्यक्ति प्रदान की। प्रो. टंडन ने प्रेमचंद से पूर्ववर्ती साहित्यकारों की रचना प्रक्रिया और प्रेमचंद के साहित्य के भेद पर विस्तार से अपने व्याख्यान में प्रकाश डाला। प्रो. गुड्डी बिष्ट पंवार ने कहा कि प्रेमचंद भारतीय कथा लेखन के महानायक हैं।

प्रेमचंद ने मानवीय संवेदना को मुखरता से अपने लेखन में समाहित रहा है। प्रो. पंवार ने कहा ईदगाह, पूस की रात गहन संवेदना की कहानी हैं, इनके माध्यम से हम मानवीय प्रेम और लोक जीवन के सौंदर्य को समझ पाते हैं। प्रेमचंद की आत्मा में मानवतावाद था।

**स्वास्थ्य** उप-मुख्यमंत्री ने की एनएचएम के कार्यक्रमों की समीक्षा

# सघन स्क्रीनिंग कर रोगों का प्रारंभिक अवस्था में ही उपचार करें : शुक्ल

- प्रारंभिक स्तर में ही रोगों का चिन्हांकन कर उनका निदान सुनिश्चित किया जा सके
- अनीमिया की स्थिति हाई रिस्क प्रेगनेंसी का कारण बनती है



**भोपाल। एजेंसी**

उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भवन भोपाल के सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यों की वृहद् समीक्षा की। उन्होंने एनएचएम द्वारा संचालित कार्यक्रमों और मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य के विभिन्न मानकों की वर्तमान स्थिति एवं कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की। उप-मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि विभिन्न संचारी और असंचारी रोगों की रोकथाम और बेहतर प्रबंधन के लिए सघन स्क्रीनिंग की व्यवस्था की जाये। इससे प्रारंभिक स्तर में ही रोगों का चिन्हांकन कर उनका निदान सुनिश्चित किया जा सके।

हाई रिस्क प्रेगनेंसी प्रकरणों को चिह्नांकित कर नियमित करें मॉनिटरिंग

शुक्ल ने महिला एवं शिशु स्वास्थ्य के विभिन्न संकेतक आईएमआर, एमएमआर आदि की क्षेत्रवार समीक्षा की और निर्देश दिये कि क्षेत्र में प्राप्त हो रहे प्रकरणों के आधार पर रणनीति तैयार की जाये। जिससे वास्तविक समस्याओं का उचित निदान किया जा सके। उन्होंने हाई रिस्क प्रेगनेंसी के चिन्हांकन के लिये सघन सर्वे और चिह्नांकित प्रकरणों की सतत मॉनिटरिंग और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उप-मुख्यमंत्री ने हाई रिस्क प्रेगनेंसी के संभावित कारणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि अनीमिया की स्थिति कई बार हाई रिस्क प्रेगनेंसी का कारण बनती है। इसके लिए विद्यालयों और कॉलेजों में बालिकाओं-किशोरियों को आयरन फॉलिक एसिड दवा का वितरण किया जाये और उनके प्रयोग के लिए जागरूक किया जाये, जिससे भविष्य में अनीमिया की स्थिति से उन्हें संरक्षित किया जा सके।

उप-मुख्यमंत्री ने एनएचएम द्वारा संचालित विभिन्न डैशबोर्ड टेलीमीडिसिन, सीटी स्कैन, सीएलएमसी, कैंसर, आईडीएसपी आदि की रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मध्यप्रदेश को शीर्ष पर ले जाने के मिशन मोड पर कार्य करना होगा। उन्होंने प्रदेश में डायरिया के प्रकरणों और निदान के लिये की जा रही कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की और सजग रहकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने डायरिया से बचाव के लिए सावधानियों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने प्रदेश में चांदीपुरा वायरस की स्थिति की जानकारी ली और तैयारियों की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक चांदीपुरा वायरस का कोई भी प्रकरण नहीं है।

उन्होंने कहा कि कैंसर के निदान के लिये प्रारंभिक स्तर में स्क्रीनिंग महत्वपूर्ण हैं। प्रारंभिक स्तर में चिन्हांकन से सहजता से इलाज सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने विगत वर्षों में स्क्रीनिंग की जानकारी प्राप्त की और स्क्रीनिंग कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 में 6 लाख 25 हजार और वर्ष 2023-24 में 9 लाख व्यक्तियों की स्क्रीनिंग का कार्य किया गया।

## इजराइल ने हिजबुल्ला को निशाना बनाकर बेरूत पर किया हवाई हमला

**बेरूत। एजेंसी**



इजराइल ने मंगलवार को हिजबुल्ला को निशाना बनाते हुए बेरूत पर हवाई हमला किया जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसी के साथ इजराइल का लेबनान में सक्रिय चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के साथ तनाव बढ़ गया है। इजराइल की सेना ने कहा कि यह हमला उसके नियंत्रण वाले गोलान हाइट्स क्षेत्र में गत सप्ताहांत रॉकेट से हमला करने और 12 बच्चों एवं किशोरों की मौत के साथ-साथ अन्य हमलों में कई इजराइली नागरिकों की मौत के लिए जिम्मेदार आतंकी कमांडर के ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया। इजराइल ने बीते शनिवार को मजदल शम्स शहर में हुए रॉकेट हमले के लिए हिजबुल्ला को जिम्मेदार ठहराया।

हालांकि, चरमपंथी संगठन ने हमले में अपनी भूमिका से इनकार किया है। इजराइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने मंगलवार के हमले के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा, हिजबुल्ला ने अपनी हदें पार कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुपर ओवर में जीती टीम इंडिया, टी20 श्रृंखला में किया क्लीन स्वीप



**नई दिल्ली।** तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मुकाबले को भारत ने सुपर ओवर में जीत लिया है। इसी के साथ भारत ने श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया है। सुपर ओवर में भारत के सामने मात्र 3 रन का लक्ष्य था, जिसे पहली ही गेंद पर चौका जड़कर सूर्यकुमार यादव ने हालिस कर लिया जबकि भारत की ओर से सुपर ओवर में वाशिंगटन सुंदर ने गेंदबाजी कर और मात्र दो रन देकर दो बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। इससे पहले, टॉस हारकर भारत ने बल्लेबाजी की और 9 विकेट खोकर 137 रन बनाए। श्रृंखला में पहली बार टीम इंडिया की बल्लेबाजी लड़खड़ाई थी। टीम के लिए शुभमन गिल ने 39 रन, रियान पराग ने 26 रन और वाशिंगटन सुंदर ने 25 रन बनाए।जबकि श्रीलंका के लिए महीश तीक्ष्णा ने तीन विकेट और वनिंदु हसरंगा ने दो विकेट चटकाए। वहीं विक्रमसिंघे, असिथा फरनांडो और रमेश मेंडिस को एक-एक सफलता मिली। भारत के 138 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम भी निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी। श्रीलंका के लिए कुसल परेला ने 46, कुसल मंडिस ने 43 और पथुम निशंका ने 26 रन की पारी खेली। भारत की ओर से चार स्पिनर्स ने दो-दो विकेट चटकाए। इनमें वाशिंगटन सुंदर, रवि विश्नोई, रिंकू सिंह और सूर्यकुमार यादव रहे।

### पेरिस ओलंपिक: पीवी सिंधु एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को हराकर अंतिम-16 में पहुंचीं

**पेरिस।** भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के अंतिम ग्रुप एम मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। सिंधु ने कुबा पर दबदबा बनाया और ला चैपल एरिना में 34 मिनट तक चले मुकाबले में 21-5, 21-10 से मैच जीत लिया। पहले गेम में सिंधु ने गति को नियंत्रित किया और सिर्फ 14 मिनट में 21-5 से जीत हासिल की। भारतीय शटलर ने अपना फॉर्म जारी रखा और दूसरा गेम 19 मिनट में 21-10 से जीत लिया। पीवी सिंधु अपने आगामी राउंड ऑफ 16 मैच में संभावित रूप से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की ही बिंगजियाओ का सामना कर सकती हैं। इससे पहले सिंधु के पिछले ग्रुप एम मैच में, मालदीव की फतिमाथ नबाहा अब्दुल रज्जाक के खिलाफ सीधी जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की।

### मेंडिस की जगह असलांका बने श्रीलंका के वनडे कप्तान



**कोलंबो।** श्रीलंका ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले मंगलवार को अपने वनडे कप्तान कुसल मेंडिस के स्थान पर टी-20 कप्तान चरिथ असलांका को नियुक्त किया है। 27 वर्षीय मध्यक्रम बल्लेबाज असलांका श्रीलंका के वाइट-बॉल कप्तान बनेंगे, क्योंकि पिछले सप्ताह उन्हें टी20 कप्तान भी बनाया गया था। जून में टी20 विश्व कप से श्रीलंका के जल्दी बाहर होने के बाद वानिंदु हसरंगा के इस्तीफे के बाद असलांका को टी20 की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। आगामी सीरीज के लिए श्रीलंका क्रिकेट द्वारा घोषित 16 सदस्यीय वनडे टीम में मेंडिस को शामिल किया गया है। तीन मैचों की वनडे सीरीज 2 अगस्त से कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेली जाएगी।

**श्रीलंका की एकदिवसीय टीम :-**
चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, निशान मदुश्का, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेलालेज, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, अकिला धनंजय, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना और असिथा फर्नांडो।

# पेरिस ओलंपिक : भारत, बेल्जियम हॉकी टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

- बेल्जियम ने अंततः ऑस्ट्रेलिया को 6-2 हराकर भारत को शीर्ष से अपदस्थ कर दिया
- भारत ने न्यूजीलैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की



**पेरिस। एजेंसी**

चल रहे पेरिस ओलंपिक में पूल बी में अर्जेंटीना की न्यूजीलैंड पर जीत और बेल्जियम की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद भारत और बेल्जियम ने नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड पर 2-0 की व्यापक जीत दर्ज करके देश की तालिका में एक पदक जोड़ने की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया। मंगलवार देर रात को अर्जेंटीना द्वारा न्यूजीलैंड पर 2-0 की जीत दर्ज करने के बाद भारत का क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित हो गया। अर्जेंटीना की जीत के बाद, भारत कुछ समय के लिए पूल बी में शीर्ष पर पहुंच गया। बेल्जियम ने अंततः ऑस्ट्रेलिया को 6-2 हराकर भारत को शीर्ष से अपदस्थ कर दिया। शानदार जीत के साथ, बेल्जियम ने क्वार्टर फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। बेल्जियम के परिणाम के बाद, भारत तीन मैचों में सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। पेरिस ओलंपिक में बेल्जियम के दोषरहित प्रदर्शन ने उन्हें तीन मैचों में नौ अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद की। भारत ने न्यूजीलैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अर्जेंटीना के खिलाफ अपने दूसरे मैच में देर से गोल करके एक अंक बचाया।

### धीरज पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा के शूट-ऑफ में हारे

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में तीरंदाजी में भारत के लिए उलटफेर का सिलसिला जारी रहा, जब युवा तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा को पुरुषों की व्यक्तिगत 1/16 स्पर्धा में हार का सामना करना पड़ा। कनाडा के एरिक पीटर्स और धीरज ने रोमांचक ड्रॉ खेला, जिसने प्रशंसकों को अपनी सीटों पर बांधे रखा। दोनों तीरंदाजों के धनुष से 10 की बारिश हो रही थी, जिसके कारण दोनों तीरंदाजों के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला हुआ। धीरज करीब पहुंचे, लेकिन अंत में बहुत दूर गिर गए, जिससे उनका इवेंट से बाहर होना तय हो गया। पहले सेट की शुरूआत धीरज के 10 अंकों से हुई जो दोनों तीरंदाजों के बीच का अंतर साबित हुआ। धीरज ने बढ़त बनाई लेकिन पीटर्स ने अपनी सटीकता पर भरोसा करते हुए वापसी की और मैच को बराबरी पर ला दिया।

# जोनाथन क्रिस्टी पर जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सेन

**पेरिस। एजेंसी**



भारत के शीर्ष शटलर लक्ष्य सेन ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन पुरुष एकल ग्रुप एल मैच में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। लक्ष्य ने बुधवार को ला चैपल एरिना में क्रिस्टी पर 50 मिनट में जीत हासिल की। भारतीय शटलर ने इंडोनेशियाई पर दबदबा बनाया और पहला गेम 21-18 से जीत लिया। लक्ष्य ने दूसरा गेम 21-12 से अपने नाम कर मैच जीत लिया। सेन पुरुष एकल ग्रुप एल में भी शीर्ष पर रहे और आगामी राउंड ऑफ 16 मैच में एचएस प्रणय का सामना कर सकते हैं।

प्री-क्वार्टर फाइनल गुरुवार से शुरू होंगे। इससे पहले सोमवार को लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में ग्रुप एल पुरुष एकल बैडमिंटन मैच में बेल्जियम के जूलियन कैराग्गी को हराया। भारतीय खिलाड़ी ने बेल्जियम के अपने प्रतिद्वंद्वी को सीधे सेटों में 21-19, 21-14 से हराया। ला चैपल एरिना में यह मैच 43 मिनट तक चला। रविवार को बैडमिंटन पुरुष एकल ग्रुप एल मैच में ग्वाटेमाला के केविन कॉर्डन पर लक्ष्य की शानदार जीत को हटा दिया गया क्योंकि ग्वाटेमाला के खिलाड़ी ने बाएं कोहनी की चोट के कारण इस बहु-खेल प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया। कॉर्डन ने चल रहे पेरिस ओलंपिक से खुद को अलग कर लिया है, जिसके लिए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और बेल्जियम के जूलियन कैरेगी के खिलाफ उनके आगामी ग्रुप एल मैच नहीं खेले जाएंगे।

ग्रुप स्टेज प्ले के लिए बीडब्ल्यूएफ जनरल कॉम्पिटिशन रेगुलेशन के अनुसार, लक्ष्य सेन और केविन कॉर्डन के बीच मैच का परिणाम हटा दिया गया। भारतीय शटलर को ग्रुप एल में शेष दो मैचों के परिणामों के आधार पर रैंकिंग दी जाएगी।

### पुरुष एकल स्कल्स सी/डी सेमीफाइनल में छठे स्थान पर रहे बलराज पंवार



**पेरिस।** भारत के एकमात्र नौकायन खिलाड़ी बलराज पंवार ने चल रहे पेरिस ओलंपिक के वैरेस-सुर-मार्ने नॉटिकल स्टेडियम में पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल सी/डी में 7:04.97 का समय लेकर छठा स्थान हासिल किया। छठे स्थान पर रहने के बाद पंवार फाइनल डी में पहुंच गए, जो एक क्लासिफिकेशन इवेंट है, जिससे उनकी रैंकिंग 19वें से 24वें स्थान पर पहुंच जाएगी। यह शुक्रवार को होगा। वह 13 से 24 स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। खेलों में उन्होंने दो बार अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें वे पहली हीट में चौथे और दूसरे रेपेचेज राउंड में दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन क्वार्टर फाइनल में 7:05.10 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहने के बाद पदक की दौड़ से बाहर हो गए।भारतीय सेना के इस जवान ने अप्रैल में रिपब्लिक ऑफ कोरिया के चुंगजो में एशियाई और ओसियन रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में कांस्य पदक जीतकर पेरिस 2024 दल में अपना स्थान अर्जित किया था। वह पिछले साल हांगझोऊ में एशियाई खेल में चौथे स्थान पर आए थे। टोक्यो 2020 में, अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह की पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स जोड़ी 11वें स्थान पर रही, जो किसी भी ओलंपिक रोइंग में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

### बॉक्सिंग में अमित पंघल के बाद जैस्मीन लेम्बोरिया को मिली हार

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 के बॉक्सिंग इवेंट में मंगलवार को भारत को दो जोरदार झटके लगे हैं। पदक की उम्मीदों का बोझ संभाले दो भारतीय बॉक्सर अमित पंघाल और जैस्मिन लम्बोरिया को अपने पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा है। 57 किग्रा भार वर्ग के राउंड ऑफ 32 में भारत की जैस्मिन लम्बोरिया को हार झेलनी पड़ी है। अपना पहला ओलंपिक खेल रही जैस्मिन के लिए शुरूआत अच्छी नहीं रही और पहले ही मैच में उन्हें टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता फिलिपिंस की नेस्टी पैटेकिये ने मात दी। जैस्मिन को 0-5 से मुकाबले में हार मिली। वहीं, इससे पहले पुरुषों के बॉक्सिंग मुकाबले में अमित पंघाल के रूप में भारत की उम्मीदों को झटका लगा था। अमित पंघाल पुरुषों के 51 किग्रा राउंड ऑफ 16 बाउट में जाम्बिया के पैट्रिक चिनयेम्बा से 1-4 से हार गए। उनको भी अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। अमित अच्छी शुरूआत नहीं कर पाए और पहले राउंड में मिली हार के बाद वो कमबैक नहीं कर पाए। पैट्रिक चिनयेम्बा ने अमित को 4-1 के अंतर से हराया। अमित पंघाल का यह दूसरा ओलंपिक गेम्स था।

## मैं यह सब दोबारा नहीं झेल सकती : अश्विनी पोनप्पा

**पेरिस। एजेंसी**

स्टार भारतीय शटलर अश्विनी पोनप्पा ने बहु-खेल प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया की सेतियाना मापासा और एंजेला यू के खिलाफ ग्रुप सी बैडमिंटन महिला टीम मैच में निराशाजनक हार के बाद ओलंपिक से संन्यास की घोषणा कर दी है। मैच के बाद पोनप्पा ने कहा कि इससे उबरने के लिए काफी भावनात्मक और मानसिक शक्ति की जरूरत होती है। भारतीय शटलर ने कहा कि वह अब और नहीं सह सकती। ओलंपिक डॉट कॉम ने पोनप्पा के हवाले से कहा, ‘यह भावनात्मक और मानसिक रूप से बहुत भारी पड़ता है, मैं इससे दोबारा नहीं गुजर सकती। यह आसान नहीं है, अगर आप थोड़े छोटे हैं तो आप यह सब झेल सकते हैं। इतने लंबे समय तक खेलने के बाद, मैं अब और नहीं सह सकती।

महिला टीम स्पर्धा में, अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रैस्टो की भारतीय महिला जोड़ी ग्रुप सी में लगातार तीसरी हार के कारण चौथे स्थान पर रही और ग्रुप चरण से बाहर हो गई।

## यूएई में तीन मैचों की एकदिनी श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान

**जोहानसबर्ग। एजेंसी**

अफगानिस्तान 18 से 22 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। यह एकदिवसीय श्रृंखला दोनों पक्षों के बीच पहली द्विपक्षीय श्रृंखला है, जिसके तीनों मैच 18, 20 और 22 सितंबर को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका ने 2019 और 2023 में पिछले दो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान एकदिवसीय क्रिकेट में दो मौकों



पर अफगानिस्तान का सामना किया है। यह श्रृंखला पिछले महीने त्रिनिदाद और टोबैगो में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराने के बाद से उनका पहला मुकाबला होगा। सीएसए के चेयरमैन लॉसन नायडू ने बुधवार को एसीबी के साथ जारी एक संयुक्त बयान में कहा, हम अफगानिस्तान के साथ इस ऐतिहासिक एकदिवसीय श्रृंखला को शुरू करने के लिए उत्साहित हैं, जो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 और हाल ही में आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप 2024 में उनके हालिया प्रदर्शन से स्पष्ट रूप से एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी ऑल-राउंड टीम बन गई है।

यह हमारे क्रिकेट संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हम एक प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक श्रृंखला की आशा करते हैं।

# वाणिज्य



## उतार चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की रफ्तार तेज होती हुई नजर आई। लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण शेयर बाजार कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गिर गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार रिकवरी करके हरे निशान में पहुंच कर कारोबार करने लगा। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत और निफ्टी 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, अडाणी एंटरप्राइज, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयर 2.54 प्रतिशत से लेकर 1.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडसइंड बैंक के शेयर 1.52 प्रतिशत से लेकर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,251 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,427 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 824 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 9 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 39 शेयर हरे निशान में और 11 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

## आईपीईएफ ने भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष चुना

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। ये परिषद इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के 14 सदस्यीय आईपीईएफ ब्लॉक द्वारा गठित तीन निकायों में से एक है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सहयोग, स्थिरता तथा समृद्धि में योगदान देना है। आईपीईएफ में सहयोग के चार स्तंभ व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत और आईपीईएफ के 13 अन्य साझेदारों ने आपूर्ति श्रृंखला को जुझारू बनाने के आईपीईएफ के समझौते के तहत तीन निकायों की स्थापना की है। ये समझौता इस साल फरवरी में लागू हुआ। मंत्रालय के मुताबिक आपूर्ति श्रृंखला परिषद (एससीसी), संकट प्रतिक्रिया नेटवर्क (सीआरएन) और श्रम अधिकार सलाहकार बोर्ड (एलआरएबी) की उद्घाटन आभासी बैठकों ने क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन को मजबूत करने के लिए भागीदार देशों के बीच सहयोग के लिए एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। अपनी तरह के पहले आईपीईएफ आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अन्य आईपीईएफ भागीदार देशों के मंत्रियों के साथ नवंबर 2023 में वाशिंगटन डीसी में हस्ताक्षर किए थे।

### सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** एक दिन पहले मंगलवार की तेजी के बाद घरेलू सराफा बाजार में बुधवार को एक बार फिर गिरावट नजर आ रही है। सोना आज 200 रुपये से 230 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में 700 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। गिरावट के कारण देश के सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 69,640 रुपये से लेकर 68,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी सर्राफा बाजारों में 63,840 रुपये से लेकर 63,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में गिरावट आने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में चांदी का आज 84,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार हो रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 69,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 63,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशियाई बाजारों में तेजी का रुख

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ ही बंद हुए। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर मजबूती नजर आ रही है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को लेकर अपनी घोषणा करने के पहले अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान संभल कर कारोबार करता नजर आया, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स 203.40 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की मजबूती के साथ 40,743.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,436.44 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 222.78 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूट कर 17,147.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 40,656.71 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करने के बाद बंद हुए।

# सुनील गुप्ता को मिला मुख्य अभियंता (एस.एस.) सार्वजनिक निर्माण विभाग का अतिरिक्त कार्यभार

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग में अतिरिक्त मुख्य अभियंता (सड़क )सुनील गुप्ता को अपने पद के साथ ही मुख्य अभियंता (एस.एस.)सार्वजनिक निर्माण विभाग का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है
संयुक्त शासन सचिव (सार्वजनिक निर्माण विभाग )कमल राम मीणा ने इस आदेश को जारी किया,अभी हाल ही में हुई अभियंताओं की डीपीसी में सुनील गुप्ता को अतिरिक्त मुख्य अभियंता से मुख्य अभियंता बनाया गया है,सुनील गुप्ता विभाग में अपनी कार्यशैली से पहचाने जाते हैं !
विभाग में इनकी अलग ही छवि है,विनम्रता और शालीनता के साथ विभाग के दूसरे कर्मचारियों से मिलकर कार्य करना इनकी कार्यशैली में शामिल रहा है !



# दिल्ली समेत कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना, आईएमडी ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

नईदिल्ली/एजेंसी।

केरल समेत देश के कई राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी है. जबकि दिल्ली में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान है. भारी बारिश के चलते केरल के वायनाड में मंगलवार को भारी भूस्खलन हुआ. जिसमें कई दर्जन लोगों की मौत हो गई. जबकि सैकड़ों लोग अभी भी लापता हैं. जिसकी तलाश की जा रही है. इस बीच मौसम विभाग ने दिल्ली समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. बता दें कि दिल्ली और उत्तर भारत के कुछ इलाकों में इस साल जुलाई में काफी कम बारिश हुई है. लेकिन उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर में भारी बारिश हुई है. जिसके चलते असम में बाढ़ आ गई.
भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर पश्चिम और मध्य से लेकर पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत तक देश के 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भारी बारिश की संभावना जताई है. जिसे लेकर मौसम विभाग ने रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. आईएमडी ने मध्य महाराष्ट्र में 1 से 3 अगस्त के बीच भारी बारिश का अनुमान जताया है. जबकि तटीय कर्नाटक में 31 जुलाई से 1 अगस्त के बीच भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है. जिसके चलते यहां रेड अलर्ट जारी किया गया है. वहीं कोंकण और गोवा में 30 जुलाई से 3 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है. उधर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एक से तीन अगस्त तक, जबकि उत्तराखंड में 30 जुलाई से 1 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है. वहीं दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 31 जुलाई से 1 अगस्त के बीच भारी बारिश होने की संभावना है. जिसके चलते इन राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. हिमाचल प्रदेश में आज और कल भारी बारिश की संभावना जताई गई है. इस दौरान राज्य में 115 से 204 मिमी तक बारिश हो सकती है.

## संक्षिप्त समाचार

### अटल भूजल योजना के अंतर्गत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण




**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण) ।** जिला धौलपुर में जिला परियोजना प्रबंधन इकाई अटल भूजल योजना धौलपुर एवं सिंचाई प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान कोटा के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र धौलपुर में आयोजित किया गया जिसमे डॉ. योगेश मनात नोडल अधिकारी अटल भूजल योजना धौलपुर द्वारा परियोजना के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जल सुरक्षा योजना पर चर्चा की गई तथा कृषि विशेषज्ञ रामकिशोर गोस्वामी ने जन भागीदारी से जल बचत के साथ साथ कृषि की आधुनिक विधि जैसे फव्वारा, ड्रिप और फसल चक्र के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की ' सिंचाई प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान कोटा के अधिशाषी अभियंता पीसी गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की! आईईसी विशेषज्ञ कल्याण सिंह द्वारा आईईसी गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया' हंसराज मीना उपनिदेशक आई एम टी आई द्वारा सभी को धन्यवाद देकर कार्यक्रम समापन किया गया '

### जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल में गौरी मीना ने रक्तदान की नई मिसाल कायम की



**चमकता राजस्थान। जयपुर/खलील कुरेशी।** समाज सेवा की दिशा में एक नई मिसाल कायम करते हुए, टीम हर घर शिक्षा के प्रमुख सदस्य गौरी मीना ने जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल में अपना दूसरा रक्तदान किया। गौरी मीना का यह उदार कदम, उनके लगातार समर्पण और समाज के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाता है। गौरी मीना ने रक्तदान के महत्व को लेकर अपनी भावनाएं साझा की, ''रक्तदान एक ऐसा अमूल्य दान है! जो किसी की ज़िंदगी को बचा सकता है। मैं अपने हिस्से का योगदान देकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहा हूँ। हर एक दान जीवन के प्रति हमारी संवेदनशीलता को उजागर करता है।'' एसएमएस हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रामगोपाल यादव ने गौरी की सराहना करते हुए कहा, ''गौरी मीना का यह रक्तदान समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनका यह उदार कदम न केवल जरूरतमंदों के जीवन को संजीवनी शक्ति प्रदान करता है! बल्कि हमें सिखाता है! कि हर व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण होता है।''
गौरी मीना की इस पहल ने यह साबित कर दिया है! कि व्यक्ति की छोटी-छोटी कोशिशें भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकती हैं। उनका यह कदम एक मजबूत और सहयोगी समाज की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पंजाब का सबसे महंगा टोल प्लाजा शुरू, प्रधान दिलबाग समेत 10 किसान नेता हिरासत में, हाईकोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

**लुधियाना/एजेंसी।** पंजाब का सबसे महंगा लाडोवाल टोल प्लाजा आज से शुरू हो गया है। किसान आज टोल प्लाजा को फ्री करवाने के लिए एकत्रित होने वाले थे, लेकिन जिला पुलिस ने किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया है। भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रधान दिलबाग सिंह जैसे ही टोल प्लाजा के पास पहुंचे, पुलिस अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। अब तक करीब 10 किसानों को हिरासत में लिया जा चुका है। लाडोवाल टोल प्लाजा की भारी संख्या में पुलिस के जवान तैनात हैं और हर हरकत पर नजर रखी जा रही है।
एडीसीपी शुभम अग्रवाल ने बताया कि टोल प्लाजा पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। कानून व्यवस्था को भंग नहीं होने दिया जाएगा। जो भी टोल प्लाजा पर हालात बिगाडऩे की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रधान दिलबाग ने बताया कि किसानों ने हाईकोर्ट में पक्षकार बनने के लिए अर्जी दाखिल की थी, लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि वे इस मामले में पक्षकार नहीं बन सकते। वे अलग से नई रिट दायर कर सकते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि एनएचएआई टोल शुरू करे। पंजाब सरकार ने कोर्ट से 4 सप्ताह का समय लिया है। बता दें कि किसान नेता टोल टैक्स को कम करने, हर माह बनने वाले पास के दाम को कम करने पर अड़े हुए थे। 16 जून से वाहन बिना टोल टैक्स दिए गुजर रहे थे। अब प्रशासन के हाईकोर्ट के आदेश के बाद कार्रवाई की है।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेष टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

# एनएचएआई के अधिकारी राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉर्टस के मामले में उदासीनता न बरतें : जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान

धौलपुर( रामदास तरुण)। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारी राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉर्टस के मामले में उदासीनता न बरतें, यह लागों के जीवन का मामला है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार विभागों को लापरवाह माना जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेष टास्क फॉर्स एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और इसे रोकने के उपायों के संबंध में जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।



उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के संभावित क्षेत्रों व ब्लैक स्पॉट, घुमावदार सड़क तथा ब्लाइंड स्पॉट से पूर्व साइनेज लगाने के निर्देश दिए। नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्भावित दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर सांकेतिक बोर्ड एवं निर्धारित गति सीमा को नियंत्रित करने के लिए गति अवरोधक लगाना सुनिश्चित करें एवं दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने हाइवे की सर्विस रोड पर आवश्यक स्थानों पर गतिरोधक एवं साइनेज तथा ड्रेनेज प्रबंधन के निर्देश दिये।
जिला कलेक्टर श्री निधि बी टी ने कहा कि सभी विभाग निर्धारित समय में सड़क सुरक्षा हेतु दिये गये कार्य को पूरा करें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने वॉटर वर्क्स चौराहे पर ट्रैफिक लाइट को शीघ्र दुरुस्त करने तथा स्पीड ब्रेकर और आवारा पशओं को हाईवे से हटाकर गौशाला पहुंचाने के लिए एन एच ए आई व नगर परिषद धौलपुर को आदेशित किया। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने कहा कि नगर परिषद शहर के व्यस्त मार्गों पर बेतरतीब पार्किंग रोकने हेतु लाइनिंग कराये, जिसके बाहर खड़े वाहनों को जब्त करने की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग बेहतर सामंजस्य एवं रणनीति बनाकर यातायात प्रबन्धन में सहयोग करें। न्याय दर्शन संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर द्वारा मचकुण्ड चौराहे पर अण्डरपास बनाने हेतु आग्रह किया गया। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी देवानंद, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक विभाग राजवीर सिंह, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### जाति जनगणना की मांग को लेकर विपक्षी दलों का लोकसभा में हंगामा



**नई दिल्ली/एजेंसी।** कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सांसदों ने बुधवार को जाति जनगणना करवाने के लिए लोकसभा में जोरदार हंगामा और नारेबाजी की। विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल की कार्यवाही को चलाने का प्रयास किया। लेकिन विपक्षी दलों के सांसदों द्वारा वेल में आकर तख्तियां लहराने के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सबसे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की तरफ से पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत कर इतिहास बनाने वाले मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी। इसके बाद उन्होंने प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू की लेकिन जाति जनगणना की मांग को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी।

## राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा

# ऐसे माहौल में और जीना नहीं चाहता

नई दिल्ली/एजेंसी।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बुधवार को भावुक नजर आए। उन्होंने यहां तक कह दिया कि इस माहौल में मैं ज्यादा जीना नहीं चाहता।
मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि कल मैं यहां लास्ट मोमेंट में नहीं था। उस समय माननीय सदस्य घनश्याम तिवाड़ी ने सदन में एक समस्या उठाई थी। शायद उनके मन में क्या था, मुझे मालूम नहीं। पॉलिटिक्स में ये मेरा पहला जनरेशन है, मैं अकेला राजनीति में हूं। बाकी सब मर गए थे, पिता जी ने ही मुझे पाला-पोसा और उनके आशीर्वाद से ही मैं यहां तक पहुंचा। मेरे पिता 85 साल की उम्र में गुजर गए थे। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे कहा कि मैं चाहता हूं कि 95 से भी आप आगे जाएं, आपके मुंह से गलत नहीं निकला है।



इसके बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने भावुक होते हुए कहा कि इस माहौल में ज्यादा दिन जीना नहीं चाहता। मुझे बुरा लगा कि तिवाड़ी जी ने यह कहा कि खड×गे का नाम मल्लिकार्जुन है। यह शिव का नाम है। 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। मेरे मां-बाप ने नाम बहुत सोच कर रखा था। मेरे परिवार में से सिर्फ मैं अकेला राजनीति में आया हूं। उनको मेरे नाम मल्लिकार्जुन से क्या दिक्कत है।
कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे आगे गुस्से में कहते हैं कि मेरा पूरा खानदान ही पॉलिटिक्स में है, अगर परिवारवाद पर निकालूंगा तो यहां बहुत लोग बैठे हैं। मेरे आखों के सामने हैं, मेरे बाजू में हैं, मेरे हर तरफ है, मैं चाहता हूं उनके बयान को हटाया जाए।
दरअसल, वह मंगलवार को राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के सांसद घनश्याम तिवाड़ी की एक बयान से आहत थे। घनश्याम तिवाड़ी ने मल्लिकार्जुन खड×गे के नाम पर कुछ टिप्पणी की थी और उन ऊपर परिवारवाद का आरोप भी लगाया था।

### पश्चिम बंगाल में मालगाड़ी के दो वैगन पटरी से उतरे

- **दार्जिलिंग के इसी एरिया में हुआ कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसा, रेल आवागमन ठप**

**दार्जिलिंग/एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में एक और रेल हादसा हुआ है। दार्जिलिंग जिले के रंगापानी में एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई जिससे इस रूट पर रेल आवागमन बाधित हो गया है। जानकारी के मुताबिक मालगाड़ी को दो डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में कोई घायल नहीं है। बता दें कि इसी रूट पर 17 जून को कंचनजंघा एक्सप्रेस से एक मालगाड़ी टकरा गई थी। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई थी।
रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा है कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन परिचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियों और लोको पायलट एवं स्टेशन मास्टर को उचित परामर्श नहीं दिए जाने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना का होना तय ही था। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने इस दुर्घटना की जांच संबंधी अपनी रिपोर्ट में स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली (कवच) को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लागू करने की भी सिफारिश की है। सीआरएस ने कहा कि संबंधित अधिकारियों ने मालगाड़ी के लोको पायलट को खराब सिग्नल पार करने के लिए गलत दस्तावेजी प्राधिकार या टी/ए 912 जारी किया था। उसने कहा कि इसके अलावा, टी/ए 912में यह भी नहीं बताया गया था कि खराब सिग्नल पार करते समय मालगाड़ी के चालक को किस गति से चलना चाहिए।

## मौत या की हत्या?

# मृतका ने ऐसी जगह लिखा कातिलों का नाम कि...पुलिस ने चिता से निकाला शव

फिल्लौर/एजेंसी

शादीशुदा महिला अमनदीप कौर (30) जो 3 बच्चों की मां है, की अपने ससुराल घर में गत दिन रहस्यमय हालातों में मौत हुई है। ससुराल पक्ष के लोगों ने कहा लड़की की मौत हार्ट अटैक से हुई है। मृतक महिला का संस्कार करने से पहले जब नहलाने लगे तब जाकर राज खुला। मृतका ने मरने से पहले अपनी टांगों पर काले रंग के पैन से अपने हत्यारों का नाम लिखा हुआ था। पर्दाफाश होता देख सुसराल पक्ष के लोग



आनन-फानन में मृतका के शव को श्मशानघाट ले जाकर उस पर लकड़ियां रख कर जैसे ही अग्नि भेंट करने लगे। मौके पर पुलिस ने वहां पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल भेज दिया। यह भी पता लगा है कि लड़की की मौत हार्ट अटैक से नहीं रस्सी से गला दबाने से हुई है। श्मशानघाट में मौजूद मृतका की बहन चरणजीत कौर और उसके चचेरे भाई सुखदीप सिंह ने बताया कि मृतका 4 बहनें है, बचपन में ही उनके माता-पिता का देहांत हो गया था। उसकी बहन अमनदीप कौर (30) को उसके चाचा सतपाल ने पालन पोषण कर बड़ा किया और 10 वर्ष पहले उसकी शादी फिल्लौर के गढ़ा रोड निवासी गोलू से की जिसके आगे 3 बच्चे दो लड़कियां एक लड़का है। उसका पति गोलू काम के संबंध में 2 वर्षों से दुबई गया हुआ है। मृतका की बहन ने बताया कि जब भी वह अपनी बहन अमनदीप कौर से फोन पर बात करती तो हर बार वह एक ही शिकायत करती कि उसकी ननद प्रवीण जो तलाकशुदा है उसने उसका जीना दुश्वार कर रखा है। अब तो वह उस पर हाथ भी उठाने लगी है। मृतका की बहनों ने बताया कि जैसे ही वह फिल्लौर पहुंची तो वह उनकी बहन के शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशानघाट ले जा चुके थे। जहां शव को चिता पर रख कर ऊपर लकड़ी लगा अंतिम संस्कार की रस्म शुरू करने ही वाले थे तो उन्होंने उसे रुकवा कर अपनी बहन के अंतिम दर्शन करने की बात कहीं। चेहरे से लकड़ी हटा जब उन्होंने बहन का मुंह देखा तो उसके गले के ऊपर रस्सी से गला दबाने के निशान साफ दिखाई दे रहे थे जब उन्होंने निशान के संबंध में पूछा कि यह कैसे पड़ा तो वह अग्नि देने के चक्कर में पड़ गए कि पहले संस्कार कर ले उसके बाद बात करते हैं। परिवार वालों के हंगामा करने पर पुलिस ने वहां पहुंच लकड़ी हटा कर शव को चिता से उठा कर पोस्टमार्टम करने के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929